# सामूहिक हत्या से दहला सिंगरौली, सेप्टिंक टैंक मे मिले 4 शव

## रहस्यमयी मौत से बड़ोखर मे फैली सनसनी, बरगवा थाना क्षेत्र का मामला

**हालात देख पुलिस भी हैरान,जेसीबी से निकाली गई लाश**

**स्थल पर विधायक, कलेक्टर, एसपी सहित जिले के आला अधिकारी, पड़ताल मे जुटी पुलिस, सेप्टिंक टैंक मालिक पर सवालिया निशान**



सिंगरौली

शनिवार को दोपहर बाद जिले के बरगवां थाना क्षेत्रांगर्त बड़ोखर गांव में एक नव निर्मित मकान के सेफ्टी टैंक में 4 शव होने की सूचना पर बरगवां पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जूट गई। एफएलएस टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक राजेंद्र मेश्राम, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पांडेय, निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से टैंक के समानांतर खोदाई कर शव निकालने के प्रयास में जूट गए है। सायं अंधेरा होने से जनरेटर के उजाले में जेसीबी मशीन से समानांतर खुदाई करके शव को सुरक्षित निकालने के प्रयास फिलहाल जारी है। पुलिस द्वारा प्रथम दृष्टिकोण से हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी अनुसार हिंडाल्को महान गेट नं. 3 के समीप बड़ोखर ग्राम में हरि प्रसाद प्रजापति निवासी जयंत का नवनिर्मित मकान है, उस मकान में कोई हमेशा रहता नही है। इसलिए सेफ्टी टैंक का ज्यादा उपयोग नही किया गया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि हरि प्रसाद प्रजापति का 30 वर्षीय पुत्र सुरेश प्रजापति कुछ लोगों के साथ 1 जनवरी को नए मकान में पार्टी करने में जुटा था। आज सेफ्टी टैंक से दुर्गंध आने पर आस पास के लोगो ने इसकी सूचना बरगवां थाना पुलिस को दिया। जिसके बाद बरगवां निरीक्षक शिव पूजन मिश्रा सदल बल घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जूट गये, जिसमें 4 शव होने की आशंका पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर अग्रिम कार्यवाही में जुटे हुए हैं।

### पिकनिक मनाने की हो रही चर्चा

जिस मकान में यह शव मिलेंगे वह हरि प्रसाद प्रजापति नाम के शख्स का है। जिसे करीब एक साल पहले बनाया गया था। अपुष्ट सूत्रों की माने तो हरि प्रसाद प्रजापति के बेटे सुरेश ने यहां पर कुछ लोगों के साथ 1 जनवरी को नए साल की पार्टी की थी। जयंत क्षेत्र में रहने वाले हरिप्रसाद प्रजापति का घर है। और वह यहां नहीं रहते। कभी-कभी घर देखने आते हैं। आज मौके पर कार क्रमांक जेएच 24 के 3393 भी मिली है। जबकि सुरेश प्रजापति लापता है।

### विधायक, कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंचे

दिन ढलते ही दिल दहला देने वाली खबर से जिले भर में सनसनी फैल गई। जितनी मुंह उतनी बातें होने लगी। शव से तेज बदबू को महसूस कर लोग यह अंदाजा लगाते रहे कि यह शव तीन से चार दिन पुरानी है। अपुष्ट सूत्रों ने तो यहां तक कहा कि यह हत्या नए साल के 1 तारीख को ही हो गई होगी। इसीलिए दूर-दूर तक दुर्गंध फैल रही है। हालांकि घटना की जानकारी लगते ही मौके पर देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला एसपी मनीष खत्री पहुंच गए। साथ ही इस पूरे मामले की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले : विश्वामित्र



**सिंगरौली।** प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है ।अभियान का मकसद केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराना। यह तभी संभव होगा जब योजनाओं की जानकारी लोगों को हो तथा प्रभावी क्रियान्वयन हो। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत बरबधा, नकझर कला एवं देवरी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत बरबधा, नकझर कला एवं देवरी में मुख्यमंत्री जनकल्याण कार्यक्रमआयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने उपस्थित जनसमुदाय को नव वर्ष की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य एवं अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जिससे योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जानकारी मिल सके एवं आवेदन कर पात्रतानुसार लाभ ले सकें। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एस पी मिश्रा एसडीएम सिहावल, रवि शंकर मिश्रा प्रभारी सीईओ, शिव कुमारी जायसवाल मंडल अध्यक्ष मयापुर, अशोक शुक्ला, पुनीत पांडेय, रामलाल विश्वकर्मा, हर्षद द्विवेदी, मुकेश सिंह सरपंच बरबधा, श्रीमती रमा पाण्डेय सरपंच नकझर कला, दिनेंद्र पांडेय सरपंच देवरी, सरोज द्विवेदी सरपंच, अनिल पांडेय, राम प्रताप पाण्डेय, उपेंद्र पाण्डेय, कन्हैयालाल पांडेय, सुभाकर द्विवेदी, दिलासा सिंह, अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, कामता तिवारी बीपीओ, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बाइक चोर सरगना सहित पांच गिरफ्तार

## चार बाइक व छः टायर जब्त, कोतवाली पुलिस की कार्यवाही



**सिंगरौली।** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर के मुख्य सरगना समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने चोरो के कब्जे से चार बाइक व 6 टायर बरामद किए हैं। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में कोतवाल अशोक सिंह परिहार ने की है।

कोतवाल श्री परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक चोरी की शिकायतें लोगो द्वारा की गई थी। जिस पर मामला कायम कर विवेचना में लिया गया था। कोतवाल ने क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरियों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस की तीन टीमें बनाई थी। जो लगातार चोरो की तलाश कर रही थी। पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले भरत दुबे पिता ललन दूबे निवासी खुटार को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जो उक्त बाइक चोरी को स्वीकार कर लिया। वहीं बताया गया कि चोर बाइक चोरी करने के बाद टायर सतेन्द्र कुमार शाह निवासी गनियारी, संतराम बघेल पिता महराज बघेल निवासी शिवपहरी,रामलाल विश्वकर्मा पिता राघव विश्वकर्मा निवासी सिंगरौलीया,उमाशंकर रजक निवासी खजुरी को बिक्री करना बताया। व चोरी हुई बाइक को सूनसान जगह पर छिपाकर रखना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सभी बाइको को जब्त कर ली गई तथा टायर खरीदारों के कब्जे से टायर रिम सहित बरामद करते हुए मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय से जेल भेज दिया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे कोर वैल्यूज इनोवेशन एंड लर्निंग तथा टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी उत्सव का भव्य रूप से किया गया समापन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन मे कोर वैल्यूज इनोवेशन एंड लर्निंग तथा टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी उत्सव का भव्य रूप से समापन किया गया ।दो महीने तक चले इस उत्सव में नवाचार, रचनात्मकता और उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन हुआ, जिसमें पोस्टर बनाने, क्विज, क्रॉसवर्ड, कहानी लेखन, स्लोगन प्रतियोगिताएं और कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए %टेस्टी इनोवेशन% कुकिंग प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियाँ शामिल थीं। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनियां लगाईं। दैनिक फ्लायर्स, वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा दिए गए प्रेरणादायक संदेश, और इंटरनेशनल पेज पर डाले गए वेबिनार ने इस उत्सव को और भी समृद्ध किया, जिससे निरंतर लर्निंग और इनोवेशन की भावना को बढ़ावा मिला।समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण था ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) द्वारा सुरक्षा कथा सागर का अनावरण। यह 21 कहानियों का एक अभिनव संकलन था, जिसे आधुनिक एआई उपकरणों का उपयोग करके वीडियो में बदला गया था। इन कहानियों ने स्टेशन पर विभिन्न खतरों को और कर्मचारियों तथा संविदा श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य प्रथाओं को दर्शाया। 2023 बैच के एग्जीक्यूटिव ट्रेनीज ने इस रूपांतरण को बखूबी अंजाम दिया, जिसके लिए उन्हें शीर्ष प्रबंधन द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई और उन्हें एक स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। यह आकर्षक और दृश्यात्मक प्रारूप सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।समारोह का एक और प्रमुख क्षण था ऑपरेशन विभाग के संविदा श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक। इस नाटक ने हास्य के साथ महत्वपूर्ण संदेश दिए, जो दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि गहरे और प्रभावी पाठ भी दिए। इस प्रस्तुति को तालियों और सराहना से नवाजा गया।समारोह का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें इनोवेशन एंड लर्निंग तथा टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी के मूल्यों को सम्मानित करने वाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) के साथ-साथ डॉ. बीसी चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक(आरएलआई), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक(ग्रीन केमिकल्स और बीई), राजशेखर पाला सहित सभी कोर वैल्यू चैंपियंस मौजूद थे जिन्होंने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों को सराहा।समारोह का कुशल संचालन श्रीमती अनम खान, अधिकारी (मानव संसाधन), हनुमान सोनी, वरिष्ठ प्रबंधक (प्रचालन) और श्रीमती राज भारती, सहायक अभियंता (प्रचालन), द्वारा किया गया, जिनकी ऊर्जा और स्पष्टता ने कार्यक्रम को आकर्षक और प्रभावी बना दिया। यह अद्वितीय उत्सव एनटीपीसी विंध्याचल की नवाचार, गुणवत्ता और सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने और सुरक्षित प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए रचनात्मक और तकनीकी उन्नति को अपनाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# भरसेड़ा में मजदूरो से नही जेसीबी मशीन से होता है निर्माण कार्य



**सिंगरौली।** देवसर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भरसेड़ा में कई निर्माण कार्य जेसीबी मशीन से कराया गया है जबकि सरकार की मंशानुसार रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को 100 दिन का काम जाब कार्ड से उनके पंचायत अंतर्गत ही दिया जाय। परंतु भरसेड़ा के सरपंच सचिव गरीब मजदूरों को काम न देकर पैसा डकारने के जुगाड़ में मशीनों से काम कराएं हैं। जिससे भरसेड़ा पंचायत के मजदूर बड़े शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। सरपंच -सचिव उपयंत्री के सह से मशीनों से काम कराकर फर्जी मस्टर रोल भरकर अपने चहेतों के खाते में पैसा डालकर नाजायज तरीके से आहरण कर बंदर बांट कर लिए हैं जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत भरसेड़ा के उपसरपंच के द्वारा ग्रामीण मजदूरों की ओर से दिनांक 9 जुलाई 2024 को जिला पंचायत कार्यालय में शिकायती पत्र दिया गया था। जिसकी जांच व कार्रवाई आज दिनांक तक नहीं की गई है। अब ये ग्रामीण मजदूर व उनका प्रतिनिधि उपसरपंच जाएं तो जाएं कहां?........ इसका जवाब जिला सीईओ के पास नहीं है। क्या यही है भाजपा सरकार की सुशासन, जो सरकार की नियत पर पानी फेर रहे हैं। ग्राम पंचायत भरसेड़ा के गरीब आदिवासी मजदूर वर्तमान भाजपा सरकार को लगातार कोस रहे हैं। जिससे सरकार की जमकर किरकिरी हो रही है।

### कार्यकारी निदेशक ने 2025 के डेस्क कैलेंडर का किया गया उदघाटन

**सिंगरौली।** कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने ई. सत्य फणि कुमार द्वारा प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति में 2025 का डेस्क कैलेंडर जारी किया गया। इस अवसर पर डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोकी सिंह, महाप्रबंधक (आरएलआई), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बीई), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) जैसे विशिष्ट व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# पिपराझांपी मंदिर आवागमन के लिए सड़क पेयजल के कार्यों की मिली स्वीकृति

## विधायक देवसर एवं कलेक्टर ने संयुक्त रूप से मंदिर पहुंच भगवती माता का किए दर्शन



**सिंगरौली।** विगत दिवस देवसर विधान सभा के विधायक राजेंद्र मेश्राम एवं जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने संयुक्त रूप से पिपराझांपी मां भगवती मंदिर पहुंच कर दर्शन किया एवं जिले के सुख शांति की कामना की। वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा विधायक एवं कलेक्टर से मंदिर तक आवागमन के लिए ग्राम पिपराझांपी से मंदिर तक आवागमन हेतु सड़क एवं पेयजल की मांग की गई। विदित हो कि उक्त मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है । तथा काफी संख्या में तिथि त्यौहारों के अवसर पर मेला एवं भगवती माता के दर्शन करने हेतु बड़ी संख्याओं में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है जिसे मद्देनजर रखते हुए एवं श्रद्धालुओं के मांग के अनुरूप विधायक श्री मेश्राम एवं कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा मंदिर परिसर तक आवागमन हेतु सड़क एवं पेयजल की व्यवस्था कराई जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है । सड़क बन जाने से आसानी के साथ भक्तजन मंदिर पहुंच कर माता का दर्शन कर सकेंगे।

# नौगढ़ प्रीमियर लीग का हुआ आगाज

## दूसरे दिन देवसर जूनियर टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



**सिंगरौली।** नौगढ़ के मधुवन बाग स्टेडियम में स्व. रामलला बैस स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के 25 वें सत्र का दूसरे दिन का खेल संपन्न हुआ जिसका पहला मुकाबला वर्मा इलेवन नवानगर और विवान इलेवन बरगवा के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए नवानगर ने निर्धारित 10 ओवर में 126 रन बनाए जिसके जवाब में बरगवां टीम ने 10 ओवर में 81 रन ही बना सकी। और नवानगर की टीम 45 रनों से विजई हुई जिसमें मैंन ऑफ द मैच आदित्य कुमार रहे ।दूसरा मुकाबला देवसर जूनियर और बलियरी दबंग के बीच खेला गया जिसमे देवसर ने 10 ओवर में 144 रन बनाए जिसमें जवाब में बलियरी दबंग ने 105 रन बनाए , देवसर जूनियर टीम 39 रन से विजेता हुई जिसमें मैंन ऑफ द मैच सद्दाम खान रहे।दोनों मैच के विजेताओं के बीच तीसरा मुकाबला खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए देवसर जूनियर ने 10 ओवर में 100 रन बनाए जिसे रोमांचक दौर में वर्मा इलेवन नवानगर टीम ने 89 रन ही बना सकी,देवसर की टीम 11रनों से विजेता हुई और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, तीसरे मैच के मैंन ऑफ द मैच राजा भारती रहे।एनपीएल आयोजन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सिंगरौली के अध्यक्ष देवेश पांडेय जी,वार्ड पार्षद रामगोपाल पाल,नौगढ़ हल्का पटवारी लक्ष्मण बैस, विपिन द्विवेदी,उत्तम सोनी नौगढ़,भाजपा नेता मान प्रसाद पाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# अदाणी फाउंडेशन द्वारा गौ समृद्धि परियोजना का शुभारम्भ, 14 गांवों के पशुपालक होंगे लाभान्वित



**सिंगरौली।** कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आज अदाणी फाउंडेशन द्वारा सरई तहसील स्थित ग्राम पंचायत भवन, बजौड़ी में गौ समृद्धि परियोजना का शुभारम्भ किया गया। इसके अंतर्गत बाएफ संस्था के साथ मिलकर धिरौली गांव में पशुधन विकास केन्द्र के माध्यम से सिंगरौली जिले के 14 गांवों के हजारों पशुपालक लाभान्वित होंगे। चयनयित गांवों में धिरौली, फाटपानी, भलैया टोला, खनुआ खास, खनुआ नया, जत्था टोला, झलरी, आमडांड, अमरई खोह, बजौड़ी, सिरसवाह, मझौलीपाठ, बेलवार एवं डोंगरी शामिल है।अदाणी फाउंडेशन द्वारा एकीकृत पशुधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुओं के उत्तम स्वास्थ के लिए टीकाकरण, पशुओं के आहार प्रबंधन एवं उत्तम गुणवत्ता का हरे चारे की व्यवस्था एवं उसका प्रबंधन जैसे जानकारी चयनित महिला पशुपालक एवं प्रगतिशील किसानों के साथ मीटिंग एवं प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी जा जाती है। सभी चयनित ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन का सहयोगी संस्था बाएफ के कर्मचारियों द्वारा पशु बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है एवं पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं पशुपालकों को तकनीकी सुझाव दिए जाते हैं।शनिवार को आयोजित गौ समृद्धि परियोजना के शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक डॉ राजेन्द्र मेश्राम, जनपद सदस्य अमिता पनिका, बजौड़ी की सरपंच दुलमंती सिंह, भलैया टोला के सरपंच गोविन्द वैश्य, जमगड़ी के सरपंच कृष्णदेव वैश्य, बजौड़ी के पूर्व सरपंच भगवान सिंह, सहयोगी संस्था बाएफ की टीम एवं काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग की ओर से डिप्टी डायरेक्टर सुमन्त वर्मा एवं डॉ आर के जायसवाल के टीम में कृष्णपाल, सुमंत शर्मा और सुधीर शर्मा मौजूद रहे। अदाणी ग्रुप के तरफ से चीफ ऑफ क्लस्टर बच्चा प्रसाद, क्लस्टर एचआर हेड विकास सिंह, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल गुनमीत सिंह एवं सीएसआर टीम की मौजूदगी रही। विधायक डॉ राजेन्द्र मेश्राम ने कहा कि गौ समृद्धि परियोजना की शुरुआत होने से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी जिससे स्थानीय पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में मदद मिलेगी। जबकि चीफ ऑफ क्लस्टर बच्चा प्रसाद ने भरोसा दिलाया कि अदाणी ग्रुप स्थानीय ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास के हर उस पहलू पर काम करेगी जिससे उनके परिवार में खुशहाली आए और हर सुविधा का लाभ सभी घरों तक पहुंचे। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आजीविका बढ़ाने और परियोजना क्षेत्र में सामाजिक विकास के क्षेत्र में विभिन्न पहलों के माध्यम से सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सिविल सर्जन के आदेश से स्वास्थ्य कर्मचारियों में नाराजगी

## स्वास्थ्य कर्मियों को भी देना पड़ेगा पुलिस वेरिफिकेशन




**सीधी।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ सिविल सर्जन का एक नया पत्र जारी हुआ है। जिसमें कि अब स्वास्थ्य कर्मियों को भी पुलिस वेरिफिकेशन देना पड़ेगा। उनके द्वारा विभागीय अमले का सूत्र बताकर यह पत्र 3 जनवरी को जारी किया गया है। उसके बाद अब स्वास्थ्य कर्मियों में नाराजगी भी कम नहीं देखी जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि कहीं आदेश नहीं है। इसके बाद भी सिविल सर्जन खुद का आदेश जारी कर इस तरह का पत्र जारी किए हैं।

सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी द्वारा जारी आदेश के तहत पत्र क्रमांक 59 दिनांक 3 जनवरी को आदेश जारी किया गया जिसमें कि जिला चिकित्सा सीधी में मानव संसाधन की कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए इसराइल खान, लेखापाल, एएनएचएम स्थानीय कार्यालय सीधी को आदेशित किया जाता है कि जिला चिकित्सालय सीधी अंतर्गत संविदा एवं आउटसोर्स (तृतीय, चतुर्थ एवं कलेक्टर दर) कर्मचारियों का वेरिफिकेशन एवं समस्त दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल के संविदा मानव संसाधन मैनुअल 2017 के बिंदु क्रमांक 04 में उल्लेखित कार्य आधारित मूल्यांकन एवं दक्षता आंकलन माह फरवरी-मार्च 2025 में प्रस्तुत किए जाने के उपरांत ही आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुबंध निरंतर किया जाना है। इसमें समस्त स्थापना लेखापाल एवं एनएचएम को निर्देशित किया जाता है कि अनुबंध के पूर्व उपरोक्त निर्देश का कड़ाई से पालन किए जाने के फलश्वरूप ही आगामी अनुबंध की नश्ती अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

### आदेश के बाद सिविल सर्जन पर फूटा विभाग का गुस्सा

सिविल सर्जन द्वारा जो आदेश दिया गया उस पर स्वास्थ्य अमले में काफी नाराजगी है। कारण यह है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया गया। यदि आदेश जारी होता तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक का हवाला सिविल सर्जन द्वारा दिया जाता। राजपत्रित अधिकारी की बात सिविल सर्जन द्वारा बताई गई। ऐसे में यह भी तथ्य सामने आया है कि राजपत्र का आदेश राज्यपाल के अंतर्गत आता है। उनके द्वारा स्पष्ट आदेश किस दिनांक में दिया गया वह भी उल्लेख सिविल सर्जन द्वारा नहीं किया गया। जबकि यह एक भ्रामक जानकारी मानी जा सकती है। इसमें राज्यपाल द्वारा आदेश की पूरी जानकारी नहीं जारी की गई है।

### शासन के आदेश के तहत दी गई जानकारीः दीपारानी

इस संबंध में जिला चिकित्सालय सीधी की सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी ने कहा कि शासन का आदेश है उसके तहत जानकारी दी गई है। हालांकि उनसे जब यह पूंछा गया कि शासन के आदेश का पत्र क्रमांक नहीं है फिर बात अलग कर बोला गया कि राजपत्र में यह जानकारी है। आखिर राजपत्र में जानकारी का भी उनके द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया।

## श्री रामलला आगमन यात्रा का आयोजन 11 को

**सीधी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सीधी शहर में श्री रामलला आगमन यात्रा का आयोजन 11 जनवरी शनिवार को किया जा रहा है। श्री रामलला आगमन यात्रा का प्रारंभ स्थानीय सम्राट चौक पार्किंग स्थल से दोपहर 3 बजे होगा। शोभा यात्रा सम्राट चौक पार्किंग से प्रारंभ होकर गांधी चौकए पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिरए फूलमती मंदिर अमहा से पुराना हनुमान मंदिर होते हुए शिव मंदिर पुरानी गल्ला मंडी पहुंचेगी। जहां समापन किया जाएगा। समस्त हिंदू समाज सीधी की ओर से आयोजित श्री रामलला आगमन यात्रा में सभी राम भक्तों से सपरिवार शामिल होने की अपेक्षा की गई है।

## शहीद मोलई प्रसाद पांडेय स्मृति क्रिकेट कप संपन्न

**सीधी।** शहीद मोलई प्रसाद पांडेय स्मृति क्रिकेट कप सीजन - 1 का आयोजन ग्राम महुगढ़ में आयोजित किया गया। फाइनल मैच नौडिया वर्सेस बहरी के बीच खेला गया। जिसमें नौडिया विजेता एवं बरही उप विजेता रही। इस मैच के मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह चौहान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

## काल सेंटर के माध्यम से विभाग प्रमुख करें शिकायतकर्ता से संपर्कः कलेक्टर



सीधी

सीएम हेल्पलाइन मे दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करायें। शिकायतों को फोर्स क्लोज अपवाद स्वरूप ही किया जाएगा। फोर्स क्लोज के लिए विभाग प्रमुख को निर्धारित प्रारूप में अपनी अनुशंसा सहित जानकारी देनी होगी। साथ ही खण्ड स्तरीय अधिकारी की रिपोर्ट तथा स्थल पंचनामा की कापी भी संलग्न करनी होगी।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में विभाग प्रमुखों को लीड लेने के लिए कहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला स्तरीय काल सेंटर के माध्यम से विभाग प्रमुख प्रतिदिन रैण्डम आधार पर शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे। शिकायतकर्ता की समस्या को समझकर उनका तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने समाधान दिवस के माध्यम से अधिक से अधिक शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने हितग्राहियों के भुगतान संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख भुगतान संबंधी लंबित शिकायतों की सूची मंगलवार तक उपलब्ध करा दें। सभी विभाग अपने सबसे कुशल अधिकारी को सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की जिम्मेदारी देंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूज पार्क में चल रही कथा का दूसरा दिवस



सीधी

स्थानीय पूजापार्क सीधी में चल रही संगीतमय श्रीरामकथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता पंडित बाला व्यंकटेश शास्त्री का श्रीकृष्णरसामृत समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह बोरा अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह सचिव डॉ0 श्रीनिवास शुक्ल सरस अंजनी सिंह सौरभ समाजसेवी लालमणि सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता सहित कई श्रद्धालु भक्तों ने माल्यार्पण से व्यासपीठ की पुजा एवं स्वागत किया। कथा का शुभारमभ करते हुए व्यास जी ने कहा कि मानस सर और मानसरोवर में चार घाट हैं। पहला घाट मन का है। जिसमे तुलसी बाबा बैठे हुये हैं। दूसरा घाट बुद्धि का है। जहाँ शिव पार्वती विराजमान हैं। तीसरा घाट चित्त का है जिसमे बैठे हैं। याज्ञवल्क और चौथा घाट है अहंकार का जहाँ काग भुसुंडि का निवास है आगे व्यास जी ने बताया कि चार आसन भी हैं। मन का आसन श्वासों एवं ग्रंथों में मिथिला तथा बुद्धि का आसन अयोध्या बताया गया है। इसी प्रकार चित्त का आसन चित्रकूट और अहंकार का आसन लंका को बताया गया है। इस प्रकार श्रीरामकथा में श्रद्धालु भक्तों को डुबोते हुए कथा प्रवक्ता ने श्री ज्ञानगंगा मानस के कई दुर्लभ प्रसंगों का रहस्योद्घाटन किया।

# ग्राम पूर्वा एवं रजहा के बाद ग्राम कारी में भी केवाईसी के नाम पर लूट का खुलासा

## नहीं जाग रहा प्रशासन लुटेरे हैं बेखौफ

**सीधी।** ज्ञात हो आरोपी रीतेश मिश्रा पिता ओमप्रकाश मिश्रा तथा रामकुमार मिश्रा पिता श्यामसुंदर मिश्रा निवासी ग्राम पोस्ट पहाड़ी थाना अमिलिया जिला सीधी द्वारा आए दिनों लगातार आवास केवाईसी के नाम पर आदिवासियो से बिना किसी खौफ के लूट की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। बीते दिनों ग्राम पूर्वा के आदिवासीयो द्वारा जियामन थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा न एफआईआर दर्ज की गई न ही कोई भी कार्यवाही नही की गई। तथा बहरी थाना अंतर्गत ग्राम रजहा के आदिवासी मजदूरो एवं महिलाओं के साथ भी आवास



केवाईसी के नाम पर लाडली बहना योजना एवं आदिवासी मजदूरो की जमा पूजी का पैसा लूटा गया था। सीधी पुलिस अधीक्षक महोदय से न्याय की गुहार लगाने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था। लेकिन बहरी पुलिस द्वारा एफआईआर तो दर्ज की गई लेकिन खाना पूर्ति करते हुए एक धारा 318(4) लगाई गई एवं एक आरोपी पकडा गया और तत्काल जमानत भी दे दी गई जबकि आरोपियो पर 318(2) एवं 61(2) की धारा भी दर्ज की जानी चाहिए थी एवं न्यायालय मे पेश किया जाना चाहिए था। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं किया जाना पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े करता है।

ग्राम कारी में लगभग दर्जन भर आदिवासियो व अन्य ग्रामीणों के साथ भी केवाईसी के नाम पर लूट करने का मामला सामने आया जिसकी एफआईआर जियामन थाना में पीड़ित पक्ष द्वारा दर्ज कराई गई है। अब देखना दिलचस्व होगा की दो वर्षों से हो रहे लूट की घटना में प्रशासनिक कार्यवाही कहा तक होती है। आदिवासी, मजदूर, किसान एवं महिलाओं के साथ हुए धोखाधड़ी का न्याय मिल पाता है या प्रशासनिक साठ गांठ से आरोपीयो को पुलिस बहरी थाना की तरह कागजो पर खानापूर्ती कर छोड दिया जाता हैं। ताकि आरोपी बेखौफ होकर घटना को अंजाम देते रहें। हालांकि जियामन थाना में ग्राम कारी मे हुई इस घटना की स्त्रडुक्रदर्ज कर ली गई है। लेकिन जियामन पुलिस द्वारा ग्राम पुर्वा की घटना पर आज तक स्त्रडुक्रदर्ज नहीं की गई है जो समझ से परे है।

पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा भी जताया गया है लेकिन सवाल ये उठता है कि ऐसी घटनाए कब तक होती रहेगी क्या प्रशासन के सह से लूट को अंजाम दिया जा रहा है, मामला जांच तक सीमित कर देने से आरोपियों का मनोबल और तीव्र गति से बढ़ रहा हैं। क्या इन घटनाओ पर पूर्ण विराम लग पाएगा, क्यूकि लगातार घटना को अंजाम देकर आरोपी बेखौफ घूम रहे है जिसके कारण पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े होते है।

# पुलिस ने पकड़ा 840 नग कोरेक्स, आरोपी गिरफ्तार

**सीधी।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा द्वारा चलाये जा रहे नशा विरोधी विशेष अभियान के तहत सीधी पुलिस ने लगभग 2 लाख रूपये कीमती मशरूका, 840 नग आनरेक्स कफ सिरप एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन द्वारा अवैध नशे के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र रीवा साकेत प्रकाश पाण्डेय के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक सीधी श्रीमती गायत्री तिवारी के नेतृत्व में चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत सीधी पुलिस ने लगभग 2 लाख रूण् कीमती 840 नग नशीली ऑनरेक्स कफ सिरप एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस के अनुसार 4 जनवरी को थाना कोतवाली पुलिस को मुखविर सूचना मिली कि लकी मिश्रा निवासी कठास हाल ऊची हवेली मडरिया जो बाईपास में बाबी सितानी के सिमेंट की दुकान में काम करता है। दुकान बंद होने के बाद बादल साहू के साथ मिलकर रात्रि में सिमेंट दुकान के पीछे अवैध रूप से मादक पदार्थ नशीली कफ सिरप का भण्डारण करके विक्रय कर देते है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार स्थान बाबी सितानी के सिमेंट के दुकान के पास पहुचे तो दुकान के सामने गेट के पास एक लडका मिला जिसका नाम पता पूंछने पर अपना नाम लकी उर्फ अभिमन्यू मिश्रा पिता नारेन्द्र मिश्रा उम्र 19 वर्ष निवासी कठास हाल ऊची हवेली का होना बताया तथा बाबी सितानी के सिमेंट के दुकान का कर्मचारी होना बताया जिसे मुखविर सूचना से अवगत कराया जाकर दुकान के पीछे की तलाशी ली गई तो सीढियों के नीचे 7 पेटी ऑनरेक्स कफ सिरप मिली जिसे समक्ष गवाहों के खोलकर चेक किया गया जिसमे 840 शीशी नशीली कफ सिरप कीमती 1 लाख 26 हजार रूपये पाया गया जिसके संबंध में पूछतांछ करने पर स्वयं एवं बादल साहू का माल होना स्वीकार किया जो उक्त संदेही से अवैध नशीली कफ सिरफ बिक्री करने के संबंध मे वैध दस्तावेज की माग की गई जो कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किया।

## स्मार्ट सिटी अंतर्गत सूखा नाला में फिर शुरू हुआ अतिक्रमण

**सीधी।** शहर के जिस सूखा नाले में अतिक्रमण हटाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर अभिषेक सिंह ने कई घरौंधे गिराए थे आज वह स्मार्ट सिटी बनकर एक अलग रूप में शहर के लिए चर्चित बना है। अब उसके बाद फिर से शहर के कुछ लोग सडक़ पर ही अतिक्रमण करना शुरू कर दिए हैं। देखा जाए तो डीके हॉस्पिटल से लेकर कॉलेज, स्टेडियम सूखा नाला मार्ग तक अतिक्रमण का दौर फिर शुरू हो गया है। जिसें कि डीके हॉस्पिटल के ठीक पीछे एक सज्जन तीन मंजिला घर बनाए हैं लेकिन पूरे रोड़ को भी अतिक्रमण करने में वह कोई कसर नहीं छोंड़ रहे हैं।

## लोकसेवा केंद्र मझौली पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित

**सीधी।** कलेक्टर एवं सचिव जिला ई-गवर्नेन्स सोसायटी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर मेसर्स अद्रिती एसोशियेट कालेज कालोनी बुढ़ार, धनपुरी जिला शहडोल, संचालक लोक सेवा केन्द्र मझौली पर कुल पाँच हजार रुपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाकर भविष्य के लिए सचेत किया गया है कि ऐसी पुनरावृत्ति न हो, शिकायत प्राप्त होने पर अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा। कलेक्टर ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी मझौली के प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर संचालक लोक सेवा केंद्र मझौली को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। प्राप्त जबाव सन्तोषजनक नहीं पाया गया। संचालक द्वारा सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं अनियमितता बरती गयी है, जिससे जनहित का कार्य प्रभावित हुआ, जो आर.एफ.पी. एवं अनुबंध के शर्तों के विपरीत है। संचालक लोक सेवा केन्द्र मझौली द्वारा केन्द्र का संचालन मानक स्तर पर नहीं किया गया है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार केन्द्र की स्थापना, संधारण एवं संचालन में सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन में जानबूझकर लापरवाही बरतने से शासन एवं प्रशासन के छवि धूमिल हो रही है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए संचालक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है।

# खरीदी केंद्रों में किसानों से ली जा रही ज्यादा धान

## गुणवत्ता के बहाने अधिकतर खरीदी केंद्र में मनमानी का आलम

**सीधी।** जिले में खरीफ सीजन की फसलों की खरीदी के लिए 44 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की आने वाली फसलों की जांच के लिए सर्वेयर की नियुक्ति की गई है। खरीदी केंद्रों के प्रभारी के इशारे पर यहां फसल लेकर आने वाले किसानों से निर्धारित से ज्यादा धान की फसल की भराई बोरी में की जा रही है। बताया गया है कि नियमानुसार वारदाना के वजन के साथ 40 किलो 800 ग्राम धान की भराई होना चाहिए। किंतु खरीदी केंद्रों में 42 किलो 800 ग्राम तक धान की भराई किसानों के सामने की जा रही है। चर्चा के दौरान कुछ किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्रों में फसल लेकर पहुंचने पर तरह-तरह के नियमों की धौंस देना शुरू कर दिया जाता है। आरंभ में सर्वेयर द्वारा फसल को ही गुणवत्ता



का अभाव बनाकर रिजेक्ट कर दिया जाता है। काफी मान-मनौव्वल के बाद फसल खरीदने की स्वीकृति मिली तो इसके बाद नापतौल में मनमानी शुरू कर दी जाती है। किसानों से निर्धारित से ज्यादा धान बोरी में भरने के लिए लिया जा रहा है। इसको लेकर विरोध जताने पर यह तर्क दिया जाता है कि धान की फसल में नमी मौजूद है। सूखने पर 40 किलो वजन की धान घटकर 38 किलो ही हो जाएगी। उस दौरान इसकी भरपाई कौन करेगा। मजबूरी में किसान ज्यादा धान की फसल देकर तौलाई का काम पूरा कराते हैं। धान की तौलाई के बाद किसानों को खरीदी की पर्ची दी जाती है। उसी के आधार पर आने वाले दिनों में किसानों के बैंक खाते में भुगतान की राशि पहुंचती है। किसानों का कहना था कि खरीदी केंद्र में एक-दो क्विंटल की हेराफेरी ज्यादा फसल लेकर आने वाले किसानों के साथ होना सामान्य बात है।

### अमरवाह खरीदी केंद्र में सर्वाधिक अव्यवस्था

जिले के समीपस्थ अमरवाह खरीदी केंद्र सहित चुरहट समिति अंतर्गत कठौतहा में सर्वाधित अव्यवस्था देखने को मिल रही है। यहां दोनो जगह समिति प्रबंधक बिजेन्द्र सिंह चौहान हैं। जो खुद खरीदी केंद्रों में जाना उचित नहीं समझते हैं। जिस वजह से धान तौलाई से लेकर हर काम में किसानों को ही मोहरा बनाया गया है उन्हीं से काम लेकर मजदूरी के नाम पर समिति प्रबंधक बिजेन्द्र सिंह द्वारा अलग से वसूली किया जाता है। इसके साथ ही निर्धारित तौल से ज्यादा धान लेने की शिकायतें भी किसानों द्वारा बताई जा रही है।

### विभागीय अधिकारियों की बनी है निष्क्रियता

फसलों के उपार्जन के दौरान अधिकारियों की मनमानी सबसे ज्यादा दिखती है। उनके द्वारा खरीदी केंद्रों का निर्धारण कराने एवं व्यवस्थाओं के नाम पर आवश्यक बजट उपलब्ध कराने तक अपनी सक्रियता दिखाई जाती है। हालांकि कुछ धान खरीदी केंद्रों में अच्छा काम भी हो रहा है। लेकिन अमरवाह एवं चुरहट समिति अंतर्गत कठौतहा सहित मझौली क्षेत्र के ताला एवं अन्य क्षेत्रों में मनमानी का आलम बना हुआ है। खरीदी केंद्रों के प्रभारी पूरी तरह से स्वेच्छाचारी रहते हैं। उनके द्वारा केवल अपने हितों को साधने के लिए किसानों को काफी परेशान किया जाता है। किसानों के फसल लेकर आने तक उनसे ज्यादा से ज्यादा फसल लेने का प्रयास शुरू कर दिया जाता है। फसल में कहीं साफ-सफाई का अभाव बताया जाता है तो कहीं गीली होने की बात करके रिजेक्ट करने का प्रयास किया जाता है।

# एसआईटी ग्रुप के फेशर पार्टी में स्टूडेंट्स ने मचाया धमाल

## अभय पटेल मिस्टर फेशर और गौसिया फातिमा मिस फेशर बनीं

**सीधी।** शहर की प्रतिष्ठित एसआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन सीधी में शुकवार को आगाज 2024-25 बैनर तले मे फेशर पार्टी का आयोजन किया गया। फेशर पार्टी में स्टूडेंट्स ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए लोगों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्रुप के चेयरमेन रामसरण गुप्ता एवं अध्यक्षता ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर शोभा रेड्डी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। छात्राओं ने सभी शिक्षक और अतिथियों के स्वागत हेतु बुके भेट कर एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्कृतियों पर नृत्य करते हुए अखण्ड भारत की प्रस्तुति दी। जिसमें भांगडा, राजस्थानी नृत्य, गढवाली नृत्य, बॉलीवुड थीम आदि पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए गए।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सीधी (म0प्र0)**
क्र.-पु.अ./सीधी/स्टेनो/रमंडीन/531/2025 दिनांक 03.01.2025
//नीलामी सूचना//

वाहन शाखा रक्षित केन्द्र सीधी मे शासकीय वाहनो का जला आयल कुल 397 लीटर है की नीलामी दिनांक 10.01.2025को समय 12.00 बजे वाहन शाखा रक्षित केन्द्र जिला सीधी मे की जावेगी। इच्छुक बोलीदार/केता उक्त नीलामी मे भाग ले सकते है। शासकीय वाहनो का जला आयल जिस स्थिति मे जहॉ पर है उसी स्थिति मे बोलीदार को कय करना होगा। नीलामी के संबंध मे अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक जिला सीधी का होगा।

पुलिस अधीक्षक
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी-21158/24

## संपादकीय

### साइबर ठगी के नए-नए हथकंडे अपना रहे अपराधी

हाल के वर्षों में सरकार ने डिजिटल लेनदेन को कई स्तरों पर प्रोत्साहित और विस्तृत किया है। तकनीक का लाभ यही है कि वह लोगों के जीवन को सुगम बनाए, लेकिन अगर वह सुरक्षित नहीं है, तो उसके उपयोग को लेकर सवाल उठेंगे। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि ठगी करने वालों ने किस तरह साइबर तंत्र में घुसपैठ कर ली है। रोजाना बहुत सारे लोग इसका शिकार हो रहे हैं। हालत यह है कि न केवल डिजिटल लेनदेन के मामले में तकनीकी फर्जीवाड़े से लोगों को अपने पैसे गंवाने पड़ रहे हैं, बल्कि अब साइबर संजाल भयादोहन के जरिए 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे अपराध के रूप में अपने पांव पसार रहा है। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें किसी को फोन पर बातों में उलझा कर उसके खाते से पैसे गायब कर दिए गए। दूसरी ओर, फोन पर ही आडियो या वीडियो काल करके जाल में फंसा कर व्यक्ति को 'डिजिटल अरेस्ट' की हालत में ला दिया गया। उसे कई घंटे या दिन तक एक कमरे में कैद रखा गया और उससे पैसे वसूले गए। अकेले इंदौर में बीते एक वर्ष में साइबर ठगी करके वहां के लोगों के साठ करोड़ से ज्यादा रुपए गायब कर दिए गए। वहीं, बिहार में पिछले एक वर्ष में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर पर 'डिजिटल अरेस्ट' के तीन सौ एक मामले दर्ज किए गए। ऐसी घटनाएं तब भी हो रही हैं, जब आर्थिक लेनदेन में डिजिटल माध्यमों के जोखिम को लेकर एक व्यापक चिंता उभर रही है और 'डिजिटल अरेस्ट' और साइबर ठगी के मसले पर खुद प्रधानमंत्री भी फिक्र जाहिर कर चुके हैं। सवाल है कि जब डिजिटल माध्यमों का विस्तार हो रहा है, बहुत सारे काम इंटरनेट पर निर्भर हो रहे हैं, तब आधुनिक तकनीकी के विकास के चरम दौर में भी साइबर सुरक्षा के आसान रास्ते क्यों नहीं निकाले जा रहे। सही है कि इसके लिए सरकार की ओर से आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन जरूरी यह भी है कि आधुनिक तकनीक के ही जरिए इस तरह के अपराधों को अंजाम देने वालों के बचने का कोई रास्ता न छोड़ा जाए।

**शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है।**

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक

(ललित गर्ग)

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है।

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन



अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है।

छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है।

नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के ज़रिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है। इसी से भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था एवं विश्व गुरु होने का दर्जा पा सकेगा। क्योंकि शिक्षा दृष्टि और दृष्टिकोण को बढ़ाती है, जिससे समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। इससे उन्नत एवं चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण होता है एवं देश विकास की ओर अग्रसर होता है। सामाजिक न्याय के क्षेत्र में प्रगति करने की इच्छा भी बढ़ती है, अन्याय, भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और सांप्रदायिकता आदि से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। शिक्षा एक ऐसे लोकतंत्र को सुनिश्चित करती है जिसमें एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज शामिल हो। यह आर्थिक रूप से वंचित समूहों के उत्थान में भी मदद करता है और कई नौकरी और रोजगार के अवसरों का निर्माण सुनिश्चित करता है। एक सभ्य शिक्षा प्रणाली विचारों, ज्ञान और अच्छी प्रथाओं का शांतिपूर्ण आदान-प्रदान सुनिश्चित करती है। यह अपराध और आतंकवाद को कम करने में मदद करता है; इस प्रकार, कानून और व्यवस्था के मुद्दों को नियंत्रण में रखा जाता है। एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने के साथ-साथ भाईचारे की भावना को बढ़ाने में मदद करती है।

भारतीय परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच एक बड़ी बाधा है। उचित बुनियादी ढांचे की कमी और शिक्षा के प्रति समाज के कई वर्गों में कम उत्साह के कारण भारत में शिक्षा के लक्ष्य पूरे नहीं हो पाते हैं।

# कुम्भ में आखिर अखाड़ा क्या होता है और कितने तरह के होते हैं? कैसे पड़ा था ये नाम?

(सपना सिंह)

महाकुंभ अखाड़ा भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। महाकुंभ मेला हिंदू धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जो हर 12 साल में एक बार चार पवित्र स्थानों - प्रयागराज (इलाहाबाद), हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में आयोजित होता है।

इस बार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला आयोजन की तैयारी बड़े ही जोर शोर से चल रही है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक महाकुंभ में स्नान करने से इंसान के हर पाप धुल जाते हैं और मोक्ष से प्राप्ति मिलती है। बता दें, महाकुंभ में लोग सबसे ज्यादा स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यहां बड़ा ही खास नजारा देखने को मिलता है। महाकुंभ का संबंध समुद्र मंथन से है, पौराणिक कथा के अनुसार, समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला था, जिसे कुंभ का प्रतीक समझा जाता है। महाकुंभ में साधु संतों के कई अखाड़े देखने को मिलते हैं, सभी अखाड़ों की अपनी अहम भूमिका है। जानते हैं आखिर कितने होते हैं अखाड़े और क्या प्रतीक है इनका।

**कितने होते हैं अखाड़े?:** देशभर में अखाड़ों की संख्या 13 है, जानकारी के लिए बता दें ये सभी अखाड़े उदासीन, शैव और वैष्णव पंथ के संन्यासियों के लिए हैं। 7 अखाड़ों का संबंध शैव संन्यासी संप्रदाय से है और 3 अखाड़े बैरागी वैष्णव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा उदासीन संप्रदाय के 3 अखाड़े हैं।

**किसका प्रतीक हैं ये अखाड़े?:** ?महाकुंभ मेले में अखाड़ों के साधु संत पवित्र नदी में शाही स्नान करने के लिए जाते हैं, वैसे तो अखाडा शब्द का मतलब



पहलवानों की कुश्ती लड़ने वाली जगह के लिए इस्तेमाल होता है, लेकिन महाकुंभ के साधु संत के समूह को अखाड़े के नाम से जानते हैं। अखाड़ों को हिंदू धर्म में धार्मिकता और साधना का प्रतीक माना जाता है।

**किसने बनाया था ये अखाडा :** हिंदू मान्यता के मुताबिक, साधुओं के लिए आदि शंकराचार्य ने हिंदू धर्म की रक्षा करने के लिए कई संगठन बनाए थे, जिन्हें शास्त्र विद्या का सबसे ज्यादा ज्ञान था। इन संगठनों को अखाड़े के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि अखाड़ों का इतिहास काफी पुराना है।

### कब है शाही स्नान

14 जनवरी 2025 - मकर संक्रांति
29 जनवरी 2025 - मौनी अमावस्या
3 फरवरी 2025 - बसंत पंचमी
12 फरवरी 2025 - माघी पूर्णिमा
26 फरवरी 2025 - महाशिवरात्रि

**सबसे पहले साधु संत करते हैं स्नान :** धार्मिक मान्यता के मुताबिक महाकुंभ में शाही स्नान करने से हर तरह के पाप धुल जाते हैं और जीवन में हर संकटों से भी मुक्ति मिलती है। महाकुंभ में शाही स्नान का खास महत्व है, शाही स्नान में सबसे पहले साधु संत स्नान करने के लिए आते हैं, फिर आम जनता द्वारा स्नान किया जाता है।

**कैसे पहुंचे महाकुंभ प्रयागराज :** रेलवे से- प्रयागराज भारत के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक है और देश के सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है।

### पास का रेलवे स्टेशन- प्रयागराज जंक्शन ।

आप दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई आदि जैसे शहरों से सीधी ट्रेनें पकड़ सकते हैं।

### सड़क मार्ग से:

प्रयागराज सड़क मार्ग से भी अच्छी तरह से कनेक्टेड है।

आप प्राइवेट गाड़ी, बस या टैक्सी से यहां पहुंच सकते हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग 19 (एनएच-19) प्रयागराज को अन्य शहरों से जोड़ता है।

हवाई मार्ग से-

पास का हवाई अड्डा- प्रयागराज का बामरौली एयरपोर्ट

यह हवाई अड्डा दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु आदि जैसे प्रमुख शहरों से जुड़ा है।

हवाई अड्डे से शहर तक टैक्सी या ऑटो से पहुंचा जा सकता है।

नदी मार्ग से

महाकुंभ के समय खास नाव सेवाएं उपलब्ध होती हैं।

आप गंगा और यमुना के माध्यम से कुछ स्थानों से बोट सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली 5603



संकेत: बाएं से दाएं

1. यह एशिया का निष्प्राण क्षेत्र कहलाता है (3)
4. यह देश 1814 में ब्रिटेन के अधीन हो गया था और 26 मई 1966 को राष्ट्रमंडल के भीतर स्वाधीन बना जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
7. हस्तलिखित, उपरोपित, पैबंदी (3)
9. एक बार सांस लेने का समय, बल, कश, फूंक (2)
10. किसी वी.आई.पी. के आने पर की जाने वाली तोपों का फैर (3)
12. इस स्वातंत्रता सेनानी को पंजाब केसरी भी कहा जाता था (8)
17. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
18. अंधकार, तमोगुण, विजय वासना रूपी अज्ञान (2)
19. जल, आब, नीर, पानी (2)
20. थलीय धरातल, पृथ्वी (3)
22. अनलंकृत, दर्पहीन, सरल, सामान्य (3)
24. कुएं के आसपास बना हुआ चबूतरा (4)
25. मनुहार, मनाने का काम, मन्नत (4)

ऊपर से नीचे

1. रसोईघर को यह भी कहा जाता है (4)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
5. अविस्मरण, स्मृति, वियोग, दुख (2)
6. संज्ञा, इस्म, उपाधि, संज्ञिका (2)
8. मिलन, समझौता, समागमन, इस फिल्म में शत्रुघ्न सिन्हा ने सर्प की भूमिका निभाई थी (3)
10. श्रृंगार करना, तैयार होना, बनना-ठनना (6)
11. प्रेमी, पुरूष मित्र को यह भी कहा जाता है (2)
13. उत्तराधिकारी, अनाथ, स्वामीहीन (4)
14. राल, लुआब, लासा (2)
15. निशा, विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
16. यमराज की भेजे जाने वाले संदेशवाहक (4)
21. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (3)
23. समाकार, समकोटीय, अनेतर, सदृश्य (2)

### वर्ग पहेली 5602 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ह | ते | न | | म | हु | आ |
| वा | र | | म | दी | ना | | स |
| र | फ | बु | क | | व | | पा |
| | | त | ह | स | न | ह | स |
| सु | ख | | ला | वा | | स्ती | |
| न | ल | | ल | लि | ता | | फौ |
| य | | आ | | या | र | बा | ज |
| ना | म | ज | द | | क | र | |

# ध्यान से बनाएं खुद को मालामाल

(सुंदरचंद ठाकुर)

ध्यान को लेकर दुनिया में बहुत सारी गलतफहमियां हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि ध्यान का अभ्यास करना संन्यासियों, आध्यात्मिक लोगों का काम है। सांसारिक लोगों को तो परिवार पालना है, बच्चे बड़े करने हैं, गाड़ी, घर खरीदना है, पैसे कमाने हैं। अगर ऐसे लोगों को बताया जाए कि आप यह सब ध्यान की मदद से और बेहतर कर सकते हैं, तो वे जरूर चौंक पड़ेंगे। लेकिन सच यही है। सच यह है कि ध्यान भले ही बोरिंग लगे, लेकिन बड़े पैसे कमाने के लिए ज़रूरी है। सोचिए, अगर हर सुबह आप एक तेज़, फोकस्ड और क्रिएटिव माइंड के साथ जागें। सोचिए, अगर आप हर फैसला साफ़ दिमाग और आत्मविश्वास के साथ लें। क्या हो अगर मैं कहूं कि इसका राज़ उसी चीज़ में है जो आपको बोरिंग लगती है- ध्यान हां, वही ध्यान जिसे कई युवा 'स्लो' और 'अनइंटरस्टिंग' समझते हैं। यही प्रैक्टिस है, जिसे बड़े-बड़े करोड़पति और अरबपति अपनी सफलता का सीक्रेट मानते हैं।

सच पूछो तो ध्यान सिर्फ एक वेलनेस एक्टिविटी नहीं, बल्कि वो मास्टर-की है जो आपको बड़े पैसे कमाने और बड़ी सफलता पाने में मदद कर सकती है। पर इसके लिए आपको ध्यान को ठीक से समझना होगा। उसके भीतर उतरना होगा। ध्यान की समस्या इसकी सादगी है। एक ऐसी दुनिया में, जहां हर कोई इंस्टाग्राम रील्स, विडियो गेम्स और नोटिफिकेशंस का आदी है, वहां शांत बैठना और 'कुछ न करना' बेतुका लगता है। लेकिन सच्चाई यह है कि जो चीज़ ध्यान को बोरिंग बनाती है, वही इसे ज़बरदस्त असरदार बनाती है। जब आप शांत बैठते हैं और अपने दिमाग को फोकस करते हैं, तो यह ठीक वैसा ही है जैसे एक तलवार को तेज़ किया जा रहा हो।

यह प्रक्रिया भले ही रिपिटीटिव्ह और स्लो लगे, लेकिन इससे आप लाइफ की लड़ाई में अजेय बनते हैं। दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने अपनी सफलता के लिए ध्यान को ही श्रेय दिया है। एप्पल के फाउंडर, स्टीव जॉब्स, जो टेक्नोलॉजी और डिज़ाइन में क्रांति लेकर आए, ज़ेन ध्यान के फैन थे। जॉब्स ने कहा था कि ध्यान ने उन्हें अपनी क्रिएटिविटी और फोकस को बढ़ाने में मदद की। वैकल्पिक चिकित्सा और स्पिरिचुअलिटी के ग्लोबल आइकन डॉ दीपक चोपड़ा ध्यान और माइंडफुलनेस से करोड़ों की कंपनी खड़ी कर चुके हैं। भिक्षु से मोटिवेशनल स्पीकर बने जय शेट्टी ध्यान सिखाकर आज करोड़ों कमाते हैं। उनकी कहानी बताती है कि जो चीज़ बोरिंग लगती है, वही आपकी लाइफ को बदल सकती है।

असल में ध्यान पैसा कमाने के लिए जरूरी बहुत सारी खूबियां एक साथ आप में पैदा करना शुरू करता है। जितना आप ध्यान के भीतर घुसते जाते हैं, उतना ही आप इन खूबियों में निपुण होते जाते हैं। ध्यान से फोकस पैदा होता है जो जो हर डिस्ट्रैक्शन को काटता है। ध्यान से आप बेहतर स्ट्रेस मैनेजमेंट कर पाते हैं। ध्यान स्ट्रेस हार्मोन को कम करता है, जिससे आप शांत और संतुलित रहते हैं। शांत दिमाग बेहतर फैसले लेता है, और बिज़नेस में अच्छे फैसले बड़े पैसे लाते हैं। हर बड़ा बिज़नेस किसी समस्या का समाधान करता है। ध्यान आपकी क्रिएटिविटी को बढ़ाता है, क्योंकि यह दिमाग की रुकावटों को साफ करता है और आपको नए आइडियाज देता है। स्टीव जॉब्स ने अपनी क्रिएटिविटी को अनलॉक करने के लिए ध्यान का ही सहारा लिया और उनकी विरासत आज भी बोलती है।

तो अगर आप वाकई पैसा कमाने और खुद को मालामाल बनाने को लेकर गंभीर हैं, तो आज से ही रोज नियमित ध्यान का अभ्यास शुरू कर दें। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक?की के योग हैं। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के योग अच्छे हैं और आपको आर्थिक लाभ होगा। आर्थिक मामलों में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं और आपके सम?मान में वृद्धि होगी।

**वृष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप किसी प्रकार की नई योजना पर काम कर सकते हैं। यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी।

**मिथुन**

आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको मनचाहा लाभ होगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही आपको करने को मिलेगा और आपके मन में प्रसन?नता का भाव रहेगा।

**कर्क**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और मेहनत व लगन से आपका काम सफल होगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

**सिंह**

आज करियर में लाभ होगा और आपका पूरा दिन बिजी रहेगा। छात्रों को पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपको उनकी परवाह किए बिना अपने काम पर फोकस करने की सलाह है।

**कन्या**

आज करियर में लाभ के योग हैं। आपको मनचाही सफलता हासिल होगी और आपका भाग्य भी साथ देगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए। आपको इस बात का पूरा ध?यान रखने की जरूरत है। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**तुला**

आज करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा और आपको रुके कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ जाएंगे और आप नए सिरे से अपने काम को पूरा करेंगे। आपके जीवन में तरक?की होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आर्थिक मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए मेहनत करते रहें तो आपको मुकाम हासिल होगा। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

**धनु**

आज दिन सावधानी और सतर्कता से काम करने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से अलग कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

**मकर**

आज दिन सामान?य है और सब कुछ रोजाना की तरह होता रहेगा। साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने की कोशिश करेंगे। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। अपने काम में सावधानी रखें, वरना कोई समस्या पैदा हो सकती है। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

**मीन**

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। बाहर जाते समय सतर्कता बरते। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। कार्यस्थल पर विरोधियों का पराभव होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद में सपा विधायक समरपाल से खाली कराया गया बंगला, नोटिस के बाद नगर निगम का ऐक्शन



**मुरादाबाद , एजेंसी।** यूपी के मुरादाबाद के कंपनी बाग में सपा विधायक समरपाल समेत दो लोगों को अलॉट भवन शुक्रवार को खाली करवाकर नगर निगम ने कब्जा ले लिया। दोनों भवनों के अलॉटमेंट की 15 वर्ष की अवधि पूरी होने पर आवंटियों को नोटिस दिया गया था पर आवास खाली नहीं हुए। नगर निगम ने दल बल के साथ भवन खाली करवा लिए। इस भूमि का क्षेत्रफल 550 वर्ग मीटर और बाजार मूल्य करीब 15 करोड़ रुपए है। नगर निगम की टीम की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। शुक्रवार को कंपनी बाग में कंपोजिट विद्यालय के पास स्थित दो आवासों को अपर नगर आयुक्त, एसीएम द्वतीय और पुलिस बल की मौजूदगी में खाली करवाया गया। इस दौरान नगर निगम ने अपनी खाली संपत्ति पर पेंट से नगर निगम की संपत्ति भी अंकित करवा दिया। अफसरों ने बताया कि नगर निगम अपने उक्त आवंटित भवनों की अवधि पूरी होने पर नोटिस जारी कर चुका है। कंपनी बाग स्थित कंपोजिट विद्यालय के निकट नगर निगम के दो भवन जिसमें एक भवन भूतल का नौगांवा से सपा विधायक समरपाल सिंह और उसके ऊपर निर्मित भवन एलडी चतुर्वेदी के नाम से नगर निगम ने अलॉट किया था। जिसकी अवधि को पंद्रह वर्ष पूरे हो चुके थे। उक्त भवनों का आवंटन निरस्त करते हुए भवन खाली करवाए जाने को अध्यासियों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे। आवास खाली नहीं होने पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के आदेश पर टीम ने शुक्रवार को भूजल और उसके ऊपर बने कुल क्षेत्रफल 550 वर्ग मीटर जमीन को खाली करवा कर कब्जा ले लिया। उक्त जमीन का बाजार मूल्य करीब 15 करोड़ बताया गया है। नगर निगम ने पिछले आठ महीने से अपनी भूमि कब्जा मुक्त करवाने का अभियान चला रखा है। नगर आयुक्त ने बताया कि नियमानुसार जो भी प्रक्रिया है उसके तहत निगम अपनी जमीन को मुक्त करवा रहा है। पिछले आठ माह में करीब नौ अरब की जमीन मुक्त करवाई जा चुकी है। इसमें काफी जमीन प्राइम लोकेशन की है जिसमें विकास के प्रजोक्ट प्रस्तावित किए गए हैं।

### सबरीमाला तीर्थयात्रा के दौरान मस्जिदों में न जाएं श्रद्धालु, भाजपा विधायक की अपील

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में भाजपा विधायक राजा सिंह के सबरीमाला मंदिर को लेकर दिए बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने केरल में सबरीमाला मंदिर जाने वाले अयप्पा भक्तों से अपील की कि वे अपनी तीर्थयात्रा के दौरान किसी भी मस्जिद में न जाएं। राजा सिंह ने शुक्रवार को हैदराबाद में संवाददाताओं से कहा कि भक्तों को अयप्पा दीक्षा के नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे मस्जिद जाते हैं तो अशुद्ध हो जाएंगे। गोशामहल से विधायक सिंह ने कहा कि यह एक साजिश है कि भक्तों को मस्जिद में जाने के लिए मजबूर किया जाता है। एमएलए राजा सिंह ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ए रेवंत रेड्डी और एन चंद्रबाबू नायडू से भी अपील की। उन्होंने कहा कि केरल सरकार को पत्र लिखकर भक्तों के ठहरने के लिए आश्रयस्थल बनाने के वास्ते 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की मांग हो। भाजपा विधायक के बयान की सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा हो रही है और इंटरनेट यूजर्स ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। दूसरी ओर, नायर सर्विस सोसाइटी के महासचिव जी सुकुमारन नायर ने मंदिर में रीति-रिवाजों में बदलाव का समर्थन करने के लिए केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की आलोचना की है। विजयन ने एक मठ के प्रमुख स्वामी के उस आह्वान का समर्थन किया है, जिसमें राज्य के मंदिरों में प्रवेश करने से पहले पुरुष श्रद्धालुओं को कमर से ऊपर के वस्त्र उतारने की आवश्यकता संबंधी लंबे समय से जारी प्रथा को समाप्त करने की बात कही गई है। नायर ने 6 साल पहले सबरीमाला भगवान अयप्पा मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा कि मंदिर की परंपराओं में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। नायर ने कहा कि प्रत्येक मंदिर की अपनी परंपराएं होती हैं, जिन्हें न तो सरकार और न ही कोई व्यक्ति बदल सकता है।

### कर्नाटक के गडक में भीषण हादसा, कार सवार दो की मौत

**गडक , एजेंसी।** कर्नाटक के गडग में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। यह हादसा गडग जिले के हुलाकोटी गांव के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि तेज गति से आ रही कार ने अचानक नियंत्रण खो दिया और हुलाकोटी गांव के पास डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार 18 वर्षीय मोहम्मद जैद और 15 वर्षीय संजीव गिराडी की मौत हो गई है। इसके अलावा आशीष गुडुर और ड्राइवर सप्तगिरी गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे की भयावहता का अंदाजा क्षतिग्रस्त कार को देखकर लगाया जा सकता है। कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है। सड़क से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचित किया। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक कार की रफ्तार बहुत तेज थी। वहीं, हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची गडग पुलिस ने मशक्कत के बाद कार सवारों को निकाला।

# भारतीय सेना ने बदली नीति, अब मेरिट के आधार पर मिलेगा प्रमोशन; कब से और किन पदों पर होगी लागू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना ने अपने अधिकारियों के लिए प्रमोशन की व्यवस्था में कुछ बदलाव किए हैं। अब सभी लेफ्टिनेंट जनरलों की उनके प्रदर्शन के आधार पर ही मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। यह नई प्रणाली 31 मार्च से लागू होगी और इसका उद्देश्य मेरिट के आधार पर चयन को बढ़ावा देना है। यह नई व्यवस्था भारतीय सेना को एकीकृत थिएटर कमांड्स में सेवा देने वाले लेफ्टिनेंट जनरलों के चयन में मदद करेगा। यह नई नीति लेफ्टिनेंट जनरलों के लिए संशोधित वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ध्ह्र) फॉर्म के तहत लागू की जाएगी। यह नई नीति सेना के 6 ऑपरेशनल कमांड्स और एक ट्रेनिंग कमांड के वाइस चीफ और कमांडर इन चीफ पर लागू नहीं होगी। आपको बता दें ऐसे आठ अधिकारी हैं जो लेफ्टिनेंट जनरल हैं, लेकिन वे अन्य थ्री-स्टार जनरलों से एक पायदान ऊपर हैं। भारतीय सेना में लगभग 11 लाख सैनिक हैं। सेना में 90 से अधिक लेफ्टिनेंट जनरल, 300 मेजर जनरल और 1,200 ब्रिगेडियर हैं।



टाइम्स ऑफ इंडिया ने सूत्रों ने के हवाले से बताया कि नई नीति भारतीय सेना को भारतीय वायुसेना (द्बख्र) और भारतीय नौसेना से मेल खाने के लिए तैयार करेगी। सूत्र का कहना है, अब तक लेफ्टिनेंट जनरलों के लिए कोई ध्ह्र प्रणाली नहीं थी। अब उन्हें विभिन्न गुणों के आधार पर 1 से 9 तक के पैमाने पर रेटिंग दी जाएगी। उनका प्रमोशन सिर्फ वरिष्ठता पर निर्भर नहीं होगी, बल्कि प्रदर्शन के आधार पर होगी। थिएटर कमांड्स के निर्माण के कारण सेना के शीर्ष पदों पर सभी तीनों सेवाओं के लिए एक समान मूल्यांकन प्रणाली की आवश्यकता थी।

सेना मुख्यालय के पत्र में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह नीति वाइस चीफ और सेना के सात कमांडर-इन-चीफ के चयन पर भी लागू होगी या नहीं। मौजूदा सेना नीति के अनुसार, कमांडर-इन-चीफ के पद पर प्रमोशन पूरी तरह से वरिष्ठता पर निर्भर करती है। इसमें जन्म तिथि और उपलब्ध पदों का भी ध्यान रखा जाता है। एक लेफ्टिनेंट जनरल जिसने सेना के 14 कोर में से एक का नेतृत्व किया हो, उसकी सेवा कम से कम 18 महीने बची हो, ताकि उसे कमांडर-इन-चीफ के रूप में प्रमोट किया जा सके।

नई नीति को लेकर कुछ अधिकारियों द्वारा विरोध भी व्यक्त किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बहुत कम अधिकारी सेना की कड़ी संरचना में प्रत्येक चरण में मेरिट के आधार पर तय होते हैं और थ्री स्टार जनरल बनते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल के पद के बाद कमांडर-इन-चीफ पद पर प्रमोशन वरिष्ठता पर निर्भर थी। इस स्तर पर मेरिट को शामिल करने से हस्तक्षेप की संभावना बढ़ सकती है, चाहे वह राजनीतिक हो या कुछ और। आपको बताते चलें कि यह नीति ऐसे समय में लागू की जा रही है जब भारत ने चीन, पाकिस्तान और भारतीय महासागर क्षेत्र के लिए तीन थिएटर कमांड्स के लिए ब्लूप्रिंट को अंतिम रूप दिया है।

### मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे बनकर तैयार, अब 8 घंटे में तय हो जाएगी दूरी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार की ओर से यात्रियों को बड़ी खुशखबरी दी गई है। 701 किलोमीटर लंबे मुंबई से नागपुर एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हो गया है। माना जा रहा है कि इसका उद्घाटन अगले महीने फरवरी में होगा। इस एक्सप्रेसवे को हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग नाम दिया गया है। नागपुर से नासिक के इगतपुरी के बीच की दूरी 625 किलोमीटर है जहां एक्सप्रेसवे पहले से ही चालू है। अब एक बार उद्घाटन होने के बाद इससे होकर मुंबई से नागपुर की यात्रा काफी सुलभ हो जाएगा। दोनों शहरों के यात्रा का समय 16 घंटे से घटाकर 8 घंटे रह जाएगा। मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को दिसंबर 2022 और मार्च 2023 में आंशिक रूप से दो बार खोला जा चुका है। अब अंतिम खंड का निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है और इसका उद्घाटन अगले महीने फरवरी होने की संभावना है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से इस प्रोजेक्ट के लिए अनिल कुमार बलिराम गायकवाड़ को चीफ इंजीनियर के तौर पर चुना था। अगर गायकवाड़ की बात करें बताते हैं कि यह परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट रही है। इसके चालू हो जाने से महाराष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में बड़ा बदलाव आ सकता है।

### अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में सिर्फ भ्रष्टाचार किया : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पिछले दस वर्षों में सिर्फ भ्रष्टाचार क?िया है, जबकि केंद्र सरकार ने दिल्ली को विकास के नए मानक दिए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली के गरीबों और आम नागरिकों को झूठे वादों के अलावा कुछ नहीं दिया।



सचदेवा ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि जहां एक ओर केंद्र सरकार ने दिल्ली को यशोभूमि, भारत मंडपम, ईको पार्क, बांसेरा पार्क, प्रगति मैदान टनल, रिंग रोड-3, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर, दिल्ली-मेरठ हाईवे, अलीपुर बाईपास जैसे अनेक अनेक विकास कार्य दिए हैं, वहीं केजरीवाल ने दिल्ली को सिर्फ घोटाले ही दिए हैं। केंद्र सरकार ने दिल्ली में लगभग पांच हजार से अधिक झुग्गीवासियों को बेहतर आवास प्रदान किए हैं, जबकि केजरीवाल ने दिल्ली के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से वंचित किया। केजरीवाल ने दिल्ली को शराब घोटाला, जासूसी घोटाला, पैनिक बटन घोटाला, राशन कार्ड घोटाला, अस्पताल निर्माण घोटाला, मोहल्ला क्लिनिक और दवा-जांच घोटाला जैसे घोटाले दिए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल के भ्रष्टाचार की एक लंबी सूची है, जो खत्म नहीं होती।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली के शिक्षा क्षेत्र में केजरीवाल के दावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल शिक्षा की बात करते हैं, लेकिन उनके दस साल के कार्यकाल में दिल्ली में एक भी नया स्कूल या कॉलेज नहीं खोला गया। वहीं, केंद्र सरकार ने दिल्ली में सात नए केंद्रीय विद्यालय खोले, दिल्ली विश्वविद्यालय का पूर्वी दिल्ली परिसर स्थापित किया और दो नए कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों का शिलान्यास किया। उन्होंने सवाल किया कि केजरीवाल द्वारा घोषित खेल विश्वविद्यालय और सैनिक प्रशिक्षण स्कूल आखिर क्यों भ्रष्टाचार के फाइलों में फंस कर रह गए।

### कांग्रेस ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय बनाने की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके आवास पर शुक्रवार को अखंड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, और डॉ. सिंह के परिवार के सदस्य सहित कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने आई कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने उन्हें सादगी का प्रतीक बताया तो पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर अमृतसर में एक विश्वविद्यालय और एक मेमोरियल बनाने की मांग की। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन संघर्षों और सादगी से भरा रहा है। उनका जीवन शालीनता, सादगी और उच्च जीवन की मिसाल है। उसी तरह से उनकी अंतिम विदाई भी हुई। जिस कुशलता ने उन्होंने देश की कमान संभाली, मुश्किल समय में देश की अर्थव्यवस्था संभाली। मुझे लगता है उनका जीवन बहुत से लोगों के लिए बड़ा पाठ है। राजनीतिक जीवन में शुचिता और गरिमा कैसी रहनी चाहिए।

# अयोध्या की तरह प्रयागराज महाकुंभ में रेलवे स्टेशनों पर तैनात होंगे कई भाषाओं के जानकार अफसर

**प्रयागराज, एजेंसी।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान तैनात किए गए कई भाषाओं के जानकार अफसरों की ड्यूटी प्रयागराज के महाकुंभ मेले में भी लगाई गई है। यह अफसर देश भर के रेलवे स्टेशनों और कार्यालयों से महाकुंभ मेले में ड्यूटी करेंगे। ताकि महाकुंभ मेले में विभिन्न राज्यों के अलावा दक्षिण के राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में आसानी हो। स्टेशनों पर द्विभाषी अफसर तैनात होंगे और ट्रेनों के आवागमन की सूचनाएं भी अलग-अलग भाषाओं में दी जाएगी।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, संगम आदि स्टेशनों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें हिंदी सहित तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़, गुजराती, उड़िया, कोंकणी, बंगाली आदि भाषाओं के प्रीरिकॉर्डेड मैसेज रहेंगे।

**प्रयाग स्टेशन पर ठहरेंगी मुंबई और बिहार रूट की ट्रेनें :** प्रयागराज महाकुंभ मेले को देखते हुए रेलवे ने कई ट्रेनों का ठहराव प्रयाग स्टेशन पर भी कर दिया है। इसमें लखनऊ होकर चलने वाली ट्रेन नंबर 22549/22550 गोरखपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा 20941 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी, 12669 चेन्नै सेंट्रल-छपरा एक्सप्रेस, 22434 आनन्द विहार टर्मिनस-गाजीपुर सिटी, 12165 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस, 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस, 18205 दुर्ग-नौतनवा, 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया, 22584 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा और 22969 ओखा-बनारस एक्सप्रेस भी प्रयाग स्टेशन पर रुकेंगी। इन सभी ट्रेनों को दो मिनट का ठहराव दिया गया है।




श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए दो स्पेशल ट्रेन रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रही है। उक्त दोनों ट्रेनों आजमगढ़ से मचिलीपट्टणम एवं आजमगढ़ से गुटूंर के लिए चलेगी। 7083/ 7084 मचिलीपट्टणम-आजमगढ़-मचिलीपट्टणम कुंभ मेला विशेष गाड़ी का संचलन 5 फरवरी को मचिलीपट्टणम से और 7 फरवरी को आजमगढ़ से एक फेरे के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में एलएसएलआरडी का एक, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 8, शयनयान श्रेणी के 9, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2 और जनरेटर सह लगेज यान के एक कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जाएंगे।

## वाराणसी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 15 टन चाइनीज मंझे के जखीरे के साथ 8 गिरफ्तार

**वाराणसी , एजेंसी।** यूपी के वाराण्सी में चाइनीज मंझे को लेकर सिगरा पुलिस ने शुक्रवार रात बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 15 टन चाइनीज मंझे के जखीरे के साथ 8 को गिरफ्तार किया है। लल्लापुरा के माताकुंड और छित्तुपुर से डेढ़ करोड़ की कीमत का 15 टन चाइनीज मंझा बरामद करते हुए सगे भाइयों समेत चार को गिरफ्तार किया है। अन्य कार्रवाई में मंडुवाडीह और रामनगर पुलिस ने 1.22 क्विंटल चाइनीज मंझा बरामद करते हुए चार को गिरफ्तार किया है।

एसीपी चेतगंज गौरव कुमार ने माताकुंड में छापेमारी कर दो भाइयों मो. आजम और मो. अफजल के गोदाम से 130 क्विंटल चाइनीज मंझा बरामद किया। छित्तूपुर के हरिनगर के दो भाइयों जितेंद्र और कुंदन कुशवाहा के गोदाम से 20 क्विंटल चाइनीज मंझा बरामद हुआ। पुलिस ने चारों पर केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। कुल 15 टन चाइनीज मंझे की कीमत 1.50 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

यूपी के वाराण्सी में चाइनीज मंझे को लेकर सिगरा पुलिस ने शुक्रवार रात बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 15 टन चाइनीज मंझे के जखीरे के साथ 8 को गिरफ्तार किया है। लल्लापुरा के माताकुंड और छित्तुपुर से डेढ़ करोड़ की कीमत का 15 टन चाइनीज मंझा बरामद करते हुए सगे भाइयों समेत चार को गिरफ्तार किया है। अन्य कार्रवाई में मंडुवाडीह और रामनगर पुलिस ने 1.22 क्विंटल चाइनीज मंझा बरामद करते हुए चार को गिरफ्तार किया है। एसीपी चेतगंज गौरव कुमार ने माताकुंड में छापेमारी कर दो भाइयों मो. आजम और मो. अफजल के गोदाम से 130 क्विंटल चाइनीज मंझा बरामद किया। छित्तूपुर के हरिनगर के दो भाइयों जितेंद्र और कुंदन कुशवाहा के गोदाम से 20 क्विंटल चाइनीज मंझा बरामद हुआ। पुलिस ने चारों पर केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। कुल 15 टन चाइनीज मंझे की कीमत 1.50 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

**बच्चों से पूछा, फिर छापेमारी :** मंडुवाडीह पुलिस ने बच्चों से चाइनीज मंझे के बारे में जानकारी लेकर लहरतारा के सगे भाइयों मनील गुप्ता और अनिल गुप्ता की बौलिया स्थित दुकान पर छापेमारी की। वहां 95 किलो चाइनीज मंझा मिला। रामनगर के कबीरपुर सुल्तानपुर में छापेमारी कर पुलिस ने 23 किलो चाइनीज मंझा जब्त किया। दुकानदार चंदौली के कबीरपुर के अभिषेक गुप्ता पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। साहित्यनाका मोड़ स्थित रोहित की पान की दुकान से 4.5 किलो मंझा बरामद हुआ। रोहित पर भी केस दर्ज किया गया।

**बिक्री पर रोक लगाने के लिए एनजीटी में याचिका :** चाइनीज मंझे का मामला शुक्रवार को एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के प्रधान पीठ के समक्ष पहुंचा। अधिवक्ता और याचिकाकर्ता सौरभ तिवारी ने पीठ से स्पेशल टास्क फोर्स और उच्चस्तरीय कमेटी गठन करने की मांग की है। सौरभ तिवारी ने याचिका के माध्यम से एनजीटी को बताया कि चाइनीज मंझे से अकेले बनारस में छह वर्षों में पांच मौतें हुई हैं। हाल ही में एक युवक की मौत हुई है।

## सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार बताने वाले पत्रकार मुकेश चंद्राकर की छत्तीसगढ़ में हत्या, सेप्टिक टैंक में मिली लाश

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में मुकेश चंद्राकर नामक पत्रकार की हत्या कर दी गई है। मुकेश 1 जनवरी की शाम से लापता थे। उनकी लाश जिस ठेकेदार के परिसर में बने सेप्टिक टैंक में मिली है, उनसे पत्रकार का सड़क निर्माण से जुड़ी खबर छापने के मामले में पहले भी विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि ये मामला सड़क निर्माण से जुड़े भ्रष्टाचार का है। इस मामले में राज्य के सीएम विष्णुदेव साय ने ट्विट करके दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हमने अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने के निर्देश दिए हैं मुकेश चंद्राकर एक जनवरी की शाम से लापता थे। काफी देर तक कोई जानकारी ना मिलने पर उनके भाई युकेश चंद्राकर ने पुलिस को सूचित किया। इसके बाद उनकी तलाशी शुरू हुई तो मोबाइल की आखिरी लोकेशन एक बाड़े में बने सेप्टिक टैंक में मिली। इसके बाद वहां जाकर देखा गया तो उनकी लाश बरामद हुई। पुलिस ने शव को निकालकर संदिग्ध लोगों से पूछताछ शरू कर दी है। लाश जिस सेप्टिक टैंक से बरामद हुई, वह टैंक एक ठेकेदार के परिसर में बना हुआ था। पुलिस ने बताया कि लाश की हालत काफी खराब हो गई थी। फूलने के कारण लाश सड़ने लगी थी। पत्रकार की पहचान शुरुआती तौर पर कपड़ों से की गई। बताया जा रहा है कि मुकेश का इसी ठेकेदार से पहले विवाद भी हुआ था। विवाद की जड़ें भ्रष्टाचार से जुड़ी हुई बताई जा रही हैं। मुकेश चंद्राकर एनडीटीवी न्यूज चैनल के लिए स्वतंत्र तौर पर पत्रकारिता करते थे। उन्होंने बीजापुर के गंगालूर से नेलशनार तक बन रही सड़क की घटिया क्वालिटी को लेकर खबर बनाई थी। इसके बाद अधिकारियों ने खबर पर संज्ञान लेते हुए जगदलपुर लोक निर्माण विभाग ने जांच दल गठित किया था। सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट लिखते हुए कहा कि बीजापुर के युवा और समर्पित पत्रकार मुकेश चंद्राकर जी की हत्या का समाचार अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है।



# बाल-बाल बचीं सौरव गांगुली की बेटी सना, कोलकाता में बस ने कार को मारी टक्कर

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली शुक्रवार शाम को कोलकाता के डायमंड हार्बर रोड पर एक बस से टकरा गईं। हालांकि इस हादसे में सना गांगुली को कोई चोट नहीं आई। रिपोर्ट्स के अनुसार, सना अपनी कार में ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठी हुई थीं। बेहला चौरास्ता के पास उनकी कार को एक बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया, लेकिन सना गांगुली की कार के ड्राइवर ने उसका पीछा किया। उसे सखेर बाजार के पास रोक लिया।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक इस घटना के बाद सना गांगुली ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बस के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। सना की कार को इस टक्कर में मामूली नुकसान हुआ।

**क्या करती हैं सना गांगुली :** सना गांगुली सौरव गांगुली और उनकी पत्नी डोना गांगुली की इकलौती बेटी है। सना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कोलकाता के लॉरेटो हाउस से प्राप्त की थी और इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी



कॉलेज लंदन से इकोनॉमिक्स में डिग्री हासिल की। वर्तमान में सना गांगुली लंदन स्थित एक बुटीक कंसल्टिंग फर्म में कंसल्टेंट के रूप में काम कर रही हैं। सना का पेशेवर अनुभव विभिन्न क्षेत्रों में है। उन्होंने इनाक्टस नामक एक संगठन के साथ फुल-टाइम काम किया है।

सना गांगुली सामाजिक मुद्दों पर भी सक्रिय रहती हैं। अगस्त 2024 में उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर के विरोध में एक मोमबत्ती मार्च में भाग लिया था। इस मौके पर सना ने कहा था, हम न्याय चाहते हैं। जो भी इसे पाने के लिए करना पड़े। ऐसी घटनाएं रुकनी चाहिए। हर दिन हम कुछ न कुछ रेप मामले सुनते हैं और हमें दुख होता है कि यह 2024 में भी हो रहा है। दिसंबर 2019 में सना ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की थी, जिस पर सौरव गांगुली ने कहा था कि यह पोस्ट सच नहीं है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया था कि वह सना को ऐसे मुद्दों से बाहर रखें।

## टेनिस:

# विश्व नंबर 293 ओपेल्का से हारे जोकोविच

● ब्रिस्बेन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-7, 3-6 से मिली पराजय



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।**
24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 293 अमेरिका के रीली ओपेल्का के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अपनी तेज सर्विस के दम पर ओपेल्का ने जोकोविच को सीधे सेटों में 7-6 (6), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओपेल्का ने पूरे मैच में 16 एस लगाए और दोनों सेट एस लगाकर ही समाप्त किए। यह उनके जीवन की सबसे बड़ी जीत में से एक है। सेमीफाइनल में ओपेल्का फ्रांस के जियोवानी पेरीकार्ड से भिड़ेंगे। पेरीकार्ड ने याकूब मेंसिक को 7-5, 7-6 से हराया।

तीन वर्ष पूर्व विश्व नंबर 17 थे

फरवरी, 2022 में ओपेल्का की विश्व रैंकिंग 17 तक पहुंच गई थी, लेकिन इसी वर्ष के अंत में उनके कूल्हे की सर्जरी हुई और ट्यूमर निकाला गया। जब से उन्होंने टेनिस कोर्ट पर वापसी की है, उसके बाद से यह उनके लिए सबसे बड़ा परिणाम है। जोकोविच का साल का यह पहला टूर्नामेंट है। 12 जनवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह नए कोच एंडी मरे की कोचिंग में खेलने उतरेंगे। जोकोविच 10 बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीत चुके हैं। ओपेल्का ने कहा, जोकोविच के खिलाफ उनके पास खोने को कुछ नहीं था। वह इस खेल के सबसे महान खिलाड़ी हैं, जिसके चलते वह उनके खिलाफ स्वतंत्र होकर खेले और ज्यादा जोखिम भी उठाए। अगर आप उनके खिलाफ सामान्य या उससे कुछ अधिक स्तर पर खेलेंगे तो किसी भी खिलाड़ी को उनके खिलाफ हार मिलेगी।

# जसप्रीत बुमराह को लगी चोट, क्या दूसरी पारी में कर पाएंगे बॉलिंग?



**सिडनी, एजेंसी।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा सिडनी टेस्ट मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है. सिर्फ 2 दिन का खेल हुआ है और उसमें भी दो पारियां पूरी हो चुकी हैं, जबकि तीसरी पारी में भी टीम इंडिया के 6 विकेट गिर गए. हालांकि टीम इंडिया इसके बावजूद अभी 145 रन की बढ़त ले चुकी है. मगर टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती टीम के कप्तान और स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह की फिटनेस. मैच के दूसरे दिन बुमराह अचानक मैदान छोड़कर अस्पताल चले गए थे, जिसने भारतीय टीम और फैंस की धड़कनें बढ़ा दी हैं. अब खुलासा हुआ है कि बुमराह की पीठ में दर्द उठा है और मेडिकल टीम उन पर नजर बनाए हुए है.

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार 4 जनवरी को सीरीज के आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन का खेल हुआ. ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी को आगे बढ़ाना शुरू किया. दिन के पहले सेशन में तो बुमराह ने काफी गेंदबाजी की और मार्नस लाबुशेन का विकेट भी हासिल किया. फिर दूसरे सेशन में कुछ देर के खेल के बाद अचानक वो मैदान से बाहर चले गए. ये नजारा देखकर टीम इंडिया के फैंस भी टेंशन में आ गए.

## इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट:

# पंत ने टेस्ट में लगाया टी-20 का तड़का

### 29 गेंद में अर्धशतक जड़ बनाया विराट रिकॉर्ड

**सिडनी, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सिडनी में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट में टी20 का तड़का लगाया. पंत ने 29 महज गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया. अर्धशतक तक पहुंचने के लिए पंत ने 6 चौके और 3 छक्के लगाए. इस अर्धशतक के साथ पंत एक बार फिर भारत के लिए टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए. इसके अलावा पंत ऑस्ट्रेलिया में मेहमान टीम के खिलाड़ी के रूप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बने.

पंत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 61 रनों की पारी खेली. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 184.85 का रहा. पंत के जरिए टीम इंडिया ने पांचवां विकेट खोया.

#### पंत का विराट रिकॉर्ड

पंत ने 29 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया. इससे पहले उन्होंने 2022 में श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गए मुकाबले में 28 गेंदों में फिफ्टी पूरी की थी, जिसके साथ वह भारत के लिए टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे. अब सिडनी



टेस्ट में 29 गेंदों में हाफ सेंचुरी पूरी कर पंत एक बार फिर अपने रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए. लिस्ट में पूर्व कप्तान कपिल देव तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 1982 में पाकिस्तान के खिलाफ कराची में 30 गेंदों में अर्धशतक लगाया था.

#### अब तक सीरीज में ऋषभ पंत

पंत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सभी पांच टेस्ट खेले. शुरुआती चार टेस्ट में पंत फ्लॉप नजर आए और उनके बल्ले से कोई अर्धशतक नहीं निकला. अब पांचवें टेस्ट में भारत की दूसरी पारी के दौरान पंत ने सीरीज का पहला अर्धशतक बनाया. सीरीज में पंत ने 9 पारियों में क्रमशः 37, 01, 21, 28, 09, 28, 30, 40 और 61 रन बनाए.

#### भारत के लिए टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक

28 गेंद ऋषभ पंत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु, 2022
29 गेंद ऋषभ पंत बनाम ऑस्ट्रेलिया, सिडनी, 2025
30 गेंद कपिल देव बनाम पाकिस्तान, कराची, 1982
31 गेंद शार्दुल ठाकुर बनाम इंग्लैंड, द ओवल, 2021
31 गेंद यशस्वी जयसवाल बनाम बांग्लादेश, कानपुर, 2024.



# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट हुआ रोमांचक

● सिडनी टेस्ट में भारत 145 रन से आगे
● पंत ने 184 के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी बनाई
● जडेजा-सुंदर नाबाद

**सिडनी, एजेंसी।** भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 145 रन आगे है। शनिवार को टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट खोकर 141 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 8 और वॉशिंगटन सुंदर 6 रन पर नाबाद लौटे। सिडनी में भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने 33 बॉल पर 61 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 22 रन का योगदान दिया। केएल राहुल और शुभमन गिल 13-13 रन बना सके। विराट कोहली ने 6 रन बनाए। स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके।

टी-ब्रेक से पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई। यहां इंडिया को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया से डेब्यू मैच खेल रहे ब्यू वेबस्टर ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 33 और सैम कोंस्टास ने 23 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।



## स्पोर्ट्स अवार्ड्स:

# खेल पुरस्कार के लिए आगे नहीं आए क्रिकेटर, खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड के लिए नहीं किया आवेदन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछली बार की तरह इस बार खेल मंत्रालय ने भी किसी भी क्रिकेटर को पुरस्कार देने के लिए स्वतः संज्ञान नहीं लिया। बीते वर्ष मंत्रालय ने मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड दिया था।

देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड के लिए खिलाड़ियों में जबरदस्त होड़ रहती है, लेकिन किसी भी क्रिकेटर ने इनमें रुचि नहीं दिखाई।

भारतीय टीम के किसी भी क्रिकेटर ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड के लिए इस बार आवेदन नहीं किया। पुरस्कार समिति के कुछ सदस्यों के अनुसार इस बार राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए तकरीबन 350 खिलाड़ियों ने आवेदन किया, लेकिन इसमें किसी भी क्रिकेटर का नाम नहीं था। हालांकि, पिछली बार की तरह इस बार खेल मंत्रालय ने भी किसी भी क्रिकेटर को पुरस्कार देने के लिए स्वतः संज्ञान नहीं लिया। बीते वर्ष मंत्रालय ने मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड दिया था।

बुमराह, द्रविड़ माने जा रहे थे दावेदार

कुछ वर्षों से खेल मंत्रालय ने खेल पुरस्कारों के लिए सीधे आवेदन का प्रावधान रखा है। इससे पहले खिलाड़ी अपने खेल संघों के जरिये इनके लिए आवेदन करते थे। पिछले कई वर्षों से बीसीसीआई खेल पुरस्कार के लिए आवेदन भेजता था। सीधे आवेदन के चलते किसी भी क्रिकेटर ने इनमें रुचि नहीं दिखाई। इस बार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अर्जुन अवॉर्ड और टी-20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ को द्रोणाचार्य अवॉर्ड का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन उनका आवेदन नहीं होने के चलते उन्हें नहीं चुना गया। हालांकि द्रविड़ ने कई वर्ष पूर्व खेल रत्न के लिए आवेदन किया था, लेकिन तब उन्हें यह पुरस्कार नहीं दिया गया। इस बार द्रोणाचार्य अवॉर्ड के लिए कुछ क्रिकेट प्रशिक्षकों ने जरूर आवेदन किया था। इस बार पुरस्कार समिति में पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले भी शामिल थे, लेकिन किन्हीं कारणों से वह बैठक में नहीं आ पाए।

## शतरंज खिलाड़ी वंतिका का बयान

# अर्जुन पुरस्कार उपलब्धि, मेरा लक्ष्य शीर्ष 10 में जगह बनाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की उभरती शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल ने अर्जुन पुरस्कार जीतने को अपने करियर के सबसे बड़े क्षणों में से एक करार देते हुए कहा कि उनका अगला बड़ा लक्ष्य ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करने के साथ महिला खिलाड़ियों की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाना है। वंतिका ने कहा, अर्जुन पुरस्कार पाकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह पुरस्कार हासिल करना मेरे करियर के सबसे सुखद पलों में से एक है। यह मेरे जीवन में एक प्रमुख व्यक्तिगत मील का पत्थर है। यह सम्मान मेरी कड़ी मेहनत, मेरे कोचों के समर्पण और मेरे परिवार और गुरुओं के अटूट समर्थन का प्रमाण है।



वंतिका के नाम अभी 2411 अंक हैं। उन्होंने 2024 में भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। वह इस दौरान 13 ईएलओ अंक हासिल कर वैश्विक रैंकिंग में 12 स्थान सुधार करने में सफल रही।उन्होंने कहा, अब मेरा लक्ष्य ग्रैंडमास्टर का तमगा हासिल कर महिलाओं की रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाना है।

भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह को इंग्लैंड में प्रशिक्षण के लिए कैब में जाते समय एक बधाई संदेश मिला जिससे उन्हे अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने जाने का पता चला। इस साल विश्व रैंकिंग में शीर्ष 30 में जगह बनाने का लक्ष्य रखने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सम्मान को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा, हां, यह एक बड़ी उपलब्धि है। हो सकता है कि जब मैं 17 तारीख को वहां पहुंचूं तो यह मुझे और अधिक प्रभावित करे।

मैं अभी इंग्लैंड में ठंड में एक प्रशिक्षण शिविर में रुका हुआ हूं, इसलिए इसे प्राप्त करना थोड़ा कठिन है। एशियाई खेल 2023 में टीम स्वर्ण और मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीतने वाले दुनिया के 54वें नंबर के इस खिलाड़ी ने कहा, यह पुरस्कार मेरी टीम और परिवार के बलिदानों और मुझमें उनके निवेश के लिए है। मुझे उम्मीद है कि वे खुश और गौरवान्वित होंगे। अभय से जब पूछा गया कि उन्हें पुरस्कार के बारे में कैसे पता चला, तो उन्होंने कहा, मैं प्रशिक्षण के लिए कैब से जाते समय झपकी ले रहा था तभी किसी ने मुझे बधाई संदेश भेजा। ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस पुरस्कार के लिए चुने जाने का इसी तरह से पता चला।

## तलाक की अफवाहों ने फिर पकड़ा जोर

# धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल के रिश्ते में दरार?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी, कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा, एक बार फिर अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों के बीच तलाक की अफवाहें तब और तेज हो गई जब दोनों ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। खबरों के मुताबिक, युजवेंद्र चहल ने धनश्री के साथ अपने सभी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जबकि धनश्री ने चहल को अनफॉलो तो किया है, लेकिन उनके साथ की तस्वीरें अभी भी उनके प्रोफाइल पर मौजूद हैं। इस जोड़े के करीबी सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि दोनों का तलाक



लगभग तय है और आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। हालांकि, उनके अलगाव के पीछे के सही कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। साल 2023 में भी दोनों के अलगाव की अफवाहें उस समय उड़ी थीं, जब धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम बायो से चहल उपनाम हटा दिया था।

इसी दौरान, चहल ने एक गुप्त स्टोरी शेयर की थी जिसमें लिखा था, नया जीवन लोड हो रहा है। हालांकि, उस वक्त चहल ने इन अफवाहों को खारिज करते हुए अपने प्रशंसकों से ऐसी बातें न फैलाने की अपील की थी। गौरतलब है कि इस जोड़े ने 11 दिसंबर, 2020 को शादी की थी।



## खेल रत्न अवाईस:

# यह जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धिः हरमनप्रीत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए चुने जाने पर कहा, यह उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि में से एक है, लेकिन वह अभी संतुष्ट नहीं हुए हैं और अभी काफी कुछ आना बाकी है। हरमनप्रीत का कहना है कि उनका अगला लक्ष्य विश्वकप का पदक जीतना है। सबसे बड़ा सपना ओलंपिक और विश्वकप का स्वर्ण जीतना है।

हरमनप्रीत यह भी कहते हैं कि ये पुरस्कार और उपलब्धियां तो उनकी हैं, लेकिन इनके पीछे उनके टीम साथियों का हाथ है। इनके बिना कुछ भी संभव नहीं है। वर्ष 2014 से अंतरराष्ट्रीय करिअर की शुरुआत करने वाले हरमनप्रीत कहते हैं कि हमने अब तक जो कुछ भी हासिल किया है, एक टीम के रूप में हासिल किया है। अगले वर्ष बेल्जियम में होने वाले विश्वकप में पदक जीतना उन्होंने अगला लक्ष्य रखा है। इसके बाद वह 2028 के ओलंपिक में स्वर्ण का लक्ष्य लेकर उतरेंगे। विश्वकप का पदक इस वजह से महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमने लंबे समय से विश्वकप में कोई पदक नहीं जीता है।

# अभी संन्यास लेने की कोई योजना नहीं: रोहित शर्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी टेस्ट मैच के दूसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर को दिए इंटरव्यू में टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर अटकलों पर जवाब दिया। रोहित शर्मा ने इस इंटरव्यू में न्यू ईयर टेस्ट मैच से पहले ड्रेसिंग रूम में क्या हुआ इस बारे में विस्तार से बात की और निकट भविष्य के लिए अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया। रोहित ने कहा कि सिडनी टेस्ट से बाहर रहने का उनका फैसला कठिन लेकिन समझदारी भरा था, लेकिन इससे उनके भविष्य में कोई बदलाव नहीं आएगा। रोहित शर्मा से सवाल हुआ, ऐसी खबरें थीं कि आपको आराम दिया गया या टीम से बाहर कर दिया गया?

रोहित ने जवाब दिया, इनमें से कुछ नहीं है। मैं बाहर हटा हूं। मैंने चयनकर्ताओं और कोच से कहा कि मेरे बल्ले से रन नहीं निकल रहा है, इसलिए मैंने हटने का फैसला किया। मैं थोड़ा बहुत कहूंगा, पचास बातें बनेंगी। कोच और कप्तान के साथ मेरी जो बातचीत हुई वह बहुत सरल थी मैं रन नहीं बना रहा हूं। रोहित शर्मा ने कहा, मैं फॉर्म में नहीं हूं, यह एक महत्वपूर्ण मैच



है, हमें फॉर्म में खिलाड़ियों की जरूरत है। हमारे बल्लेबाज फॉर्म में नहीं हैं। आप टीम में बहुत सारे आउट-ऑफ-फॉर्म खिलाड़ियों को नहीं रख सकते।

इसलिए मेरे लिए यह निर्णय लेना मुश्किल था, लेकिन अगर सब कुछ हमारे सामने रखा जाए तो यह निर्णय समझदारी भरा था। मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचूंगा इस समय टीम को क्या चाहिए, बस यही सोचा था और इसके अलावा कोई और विचार नहीं था। बाद में इंटरव्यू में रोहित ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी अभी संन्यास लेने की कोई योजना नहीं है और उन्हें विश्वास है कि वह अपना फॉर्म सुधार सकते हैं। रोहित ने कहा, मैं जल्द ही रिटायर नहीं होने वाला हूं, ऐसा कोई फैसला नहीं है। मैंने सिर्फ इसलिए इस मुकाबले से बाहर रहने का फैसला किया क्योंकि रन नहीं बन रहे थे। मैं कड़ी मेहनत करूंगा और कमबैक करूंगा। अभी रन नहीं बन रहे हैं, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं है कि 5 महीने बाद भी रन नहीं बनेंगे। हमने क्रिकेट में बहुत कुछ देखा है, हर मिनट, हर सेकंड, हर रोज जिंदगी बदलती है। इसलिए मुझे खुद पर पूरा भरोसा है कि चीजें बदलेंगी.

# पर्यटन के क्षेत्र में आज भी बेहतर परिणामों की जरूरत

पन्ना

पर्यटन के क्षेत्र से पन्ना जिले का विकास व रोजगार दोनों को लेकर अहम माना जा रहा है। पूर्व के समय से ही आसीम संभावनाओं को लेकर पर्यटन से पन्ना जिले को जहां अन्य जिलों की तुलना में अलग ही पहचान के रूप में बनाया जा सकता है। इसको लेकर तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्र वहीं वर्तमान कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली से जहां प्रगति के रूप में ब्रहस्पतिकुण्ड में जहां ग्लास ब्रिज के माध्यम से अलग ही पर्यटकों के लिए इस स्थान का महत्व मनोरम छटा तथा प्रकृति के दर्शन करने को लेकर जाना जायेगा। यहां का झरना प्रपात के रूप में बेहतर सुन्दर बारिश के समय देखने लायक होता है जहां ग्लास ब्रिज से अलग ही इसकी सुंदरता का नजारा नजर आयेगा। वहीं आज भी जरूरत पर्यटन क्षेत्र



में कई सिद्ध स्थलों के विकास क्रम से तय होने लाजमी माना जा रहा है वही अजयगढ़ किला जो पुरातत्व विभाग के अधीन माना जाता है। इसके विकास के क्रम को पड़ोसी जिले बांदा में कालींजर का किला जो अपने विकास को स्वयं बयां कर रहा है उसी तर्ज पर अजयगढ़ किला जो प्राचीन समय से जहां चंदेलकालीन युग से अपनी पहचान को लेकर जाना जाता था पर वर्तमान समय में इस किले को लेकर विकास के क्रम को निरंतर क्रम बद्ध तरीके से प्रगति तय करने के लिए जरूरत बनी हुई है ताकि पन्ना जिले को पर्यटन के क्षेत्र के माध्यम से विकास को लेकर जहां अन्य जिलो की तुलना में बेहतर साबित किया जा सके वहीं यहां शिक्षा व पर्यटन दोनों ही जहां विकास की उम्मीदों से लम्बे अर्से से माना तो जाता है पर वास्तविकता में आज भी इसको प्रमुखता से प्रशासन के रूप में कलेक्टरों के माध्यम से तो प्रयास किये जाते है पर जनप्रतिनिधियों की रूचि ही प्रगति में चार चांद लगा सकती है। तभी पन्ना अपनी पहचान पर्यटन के रूप में यहां की भौगोलिक स्थिति तथा अपने इतिहास के साथ बेजोड़ रूप लेकर जानी जा सकती है। हीरों की धरा वहीं पवित्र नगरी साथ ही मंदिरों की नगरी वहीं वनों की खूब सूरती के साथ-साथ झरनों से कई तरह से इस जिले को समृद्धता के रूप में माना जाता है। यही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र साबित होगा साथ ही यहां की युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें तथा नगर में व्यापार की उम्मीदें बढ़ेगी। तथा पन्ना की पहचान हीरे के साथ-साथ पर्यटन के क्षेत्र में ही अपनी चमक बिखेर सकता हैं।

## दम तोड़ रहा पन्ना का पुरातत्व संग्रहालय

**पन्ना।** हीरे और मंदिरों की नगरी से सुमार जिला पन्ना जो प्राकृतिक संपदा खनिज लवण हर चीज से परिपूर्ण है मंदिर और रतन गरबा नगरी से विख्यात है जहां एक पुरातत्व संग्रहालय बना है लेकिन पन्ना में शायद ही 10 पर्सेंट लोग जानते होंगे पन्ना में कोई पुरातत्व संग्रहालय भी है जहां पाषाण युग की प्राचीन प्रतिमाएं स्थापित है जहां सातवीं शताब्दी से लेकर दसवीं शताब्दी तक की प्राचीन प्रतिमाएं स्थापित है जो केवल अपने आप को निहार रही है पन्ना में पुरातत्व संग्रहालय की प्रचार प्रसार के अभाव के बिना इन प्राचीन मूर्तियों का दीदार करने के लिए दुर्लभ लोग ही पहुंचाते हैं पन्ना जो मंदिर और हीरे की नगरी से विख्यात है जहां भगवान शिव से लेकर रामचंद्र और माता सीता के चरण जिस भूमि पर पड़े वह पन्ना नगरी आज अपना इतिहास का अस्तित्व खोती नजर आ रही है जो आज जिला पुरातत्व संग्रहालय अपनी इतिहास के वक्तव्य किसी को बात नहीं पा रहा है।

# श्री राम लला सरकार के चमत्कारों से आश्चर्यचकित हो रहे लोग

### सकरिया के झारखंडन धाम में बढ़ रही भीड़, प्रत्येक शनिवार लगेगा दिव्य दरबार

**पन्ना।** पवित्र नगरी पन्ना से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सकरिया के पास जंगल में स्थित झारखंडन धाम में पधारे अयोध्या के चमत्कारी संत श्री राम लला सरकार के चमत्कारों से लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं। प्रतिदिन यहां भीड़ बढ़ रही है यहां आने वाले लोगों को श्री राम लला सरकार भूत भविष्य और वर्तमान की जानकारी आईने की दिखा रहे हैं। 2 जनवरी 2025 को यहां सैकड़ों लोग पहुंचे और महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया, बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्री राम लला सरकार ने प्रत्येक शनिवार को दिव्य दरबार लगाने का निर्णय लिया है ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिले और धर्म का प्रचार भी चलता रहे, श्री राम लला सरकार मुख्य रूप से देश को हिंदू राष्ट्र और गाय को राष्ट्र माता घोषित करवा कर सभी बूचड़खाने बंद करवाने व धर्म के



प्रचार के लिए देश भर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में भ्रमण कर विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। वर्तमान में लगभग 1 माह से उनका ठिकाना प्राचीन झारखंडन धाम में बना हुआ है, और वह यहीं से देश के विभिन्न क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों में पहुंचकर अनुष्ठान कर रहे हैं। श्री राम लला सरकार ने बताया कि पन्ना जिला ऋषि मुनियों की तपो भूमि है, इसलिए उन्हें विशेष लगाव है, और उन्हें लगता है उनका इस पावन भूमि से जन्म-जन्म का नाता है।

## पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र पन्ना गंगऊ अभयारण्य अन्तर्गत बीट हरसा कक्ष क्र . 246 में नर नीलगाय का उपचार



**पन्ना।** नियमित गश्ती के दौरान पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना गंगऊ अभयारण्य परिक्षेत्र अन्तर्गत बीट हरसा कक्ष क्र. 246 में एक नर नीलगाय घायल अवस्था में बैठा हुआ पाया गया। परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टा उक्त नीलगाय के घायल होने का कारण दो नीलगाय में आपसी संघर्ष होना प्रतीत हुआ। आसपास सर्चिंग करने पर कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। जमीन पर आपसी संघर्ष के निशान भी प्राप्त हुये। घायल नीलगाय का उपचार डॉ संजीव गुप्ता, बनयजीव स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाकर माल वाहनों में लगाये जा रहे रेडियम



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी प्रकार के माल वाहनों में रेडियम टेप लगाने हेतु 05 जनवरी 2025 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा विशेष अभियान आयोजित कर सभी प्रकार के माल वाहनों जैसे की ट्रक,ट्रैलर, डम्फर सहित ट्रैक्टर ट्रालियों में यह रेडियम टेप लगाये गये, यह विशेष अभियान बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। माल वाहनों के पीछे लगा यह रेडियम टेप रात के अंधेरे में चमकता है, जिससे अन्य वाहन चालकों को माल वाहन आसानी से दिखाई देता है और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है, खासकर धुंध या बारिश के मौसम में, रेडियम टेप वाहन की पहचान को और अधिक स्पष्ट करता है,जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। अभियान के दौरान सभी वाहन मालिकों-चालकों को समझाइस दी गयी कि यातायात नियमों का पालन करना सभी वाहन मालिकों-चालकों का दायित्व है। थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार का कहना है कि,सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को कम करने में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा,अब रेडियम टेप लगाना कानूनी रूप से अनिवार्य है और इसका पालन न करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

# शिक्षा विभाग में आज भी सलंग्नीकरण व्यवस्था पर होगा गौर?

**पन्ना।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्था व शिक्षा को लेकर लम्बे अर्से से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की कार्यप्रणाली सुधार की दिशा में बेहतर मानी जाती है वहीं अभी हाल ही में कुछ दिवस पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा के माध्यम से प्राचार्यों की बैठक समीक्षा के रूप में ली गई थी जहां परीक्षा परिणामों को लेकर यह बैठक अहम मानी जा रही थी। निश्चितौर पर परीक्षा परिणामों को लेकर विभाग का फोकस तो माना जाता है पर वहीं मध्यप्रदेश में ही कुछ जगह संयुक्त संचालक जिनके आदेश अपने जिलों में संलग्नीकरण व्यवस्था को समाप्त करने की दिशा पर फोकस को लेकर जानी गई वहीं पन्ना जिला जो अपने आप में शिक्षकों की भूमिका तथा संलग्नीकरण को लेकर कई बार सवालों को लेकर चर्चा का विषय बनते ही है पर



संलग्नीकरण व्यवस्था को जब जिम्मेदार ही उचित मानते है तो फिर इस पर गौर कैसे हो। वहीं शिक्षा विभाग में शिक्षको के द्वारा जहां शिक्षा जब समय पर नहीं प्रदान की जायेगी तो परीक्षा परिणाम की उम्मीद किस हद तक बेहतर मानी जाये। साथ ही सवाल यह उठता है कि जहां पद स्थापना को लेकर होती है वहीं कितने दिन से शिक्षक शिक्षा प्रदान करते है वहीं इन शिक्षकों को जिन्हे काबिल माना जाता है उन्हें मातहत के रूप में अपने ही कार्यालयों में विभाग के वरिष्ठ कहीं न कहीं जिम्मेदार मानकर उनसे कार्य कराने को लेकर उचित मानते है तो फिर परीक्षा परिणाम को लेकर क्या अतिथियों की भूमिका से उचित माना जाये। वहीं शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर जिस तरह की कार्यप्रणाली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा विगत वर्षों वहीं समय-समय पर विद्यालयों के निरीक्षण को लेकर कई बार चर्चा में आई वहीं क्या विभागीय अधिकारी कितनी मॉनीटरिंग करते है किन-किन अधिकारियों को मॉनीटरिंग करने को लेकर दायित्व निभाने के लिए निहित है क्या वास्तविकता में मॉनीटरिंग की जाती है जब तक विभाग ही शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं होगा तो परीक्षा परिणाम कैसे तय होगें। एक तरफ हालात संलग्नीकरण के दूसरी तरफ तरह-तरह के प्रयोग वहीं वर्तमान समय तक प्रशिक्षण को लेकर कई बार स्थितियां बन जाती है आखिरकार अब तो हालात परीक्षा परिणामों को लेकर उचित माना जाता है तो फिर छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए समय क्यों नहीं उचित माना जाता। ताकि परीक्षा परिणाम वास्तविकता में बेहतर माने जाये। कार्यप्रणाली आज भी कई तरह के सवालों को दे रही जन्म क्या सुधार की दिशा को लेकर उचित माना जाये। यह तो जिम्मेदार ही जाने?

# छत्रसाल महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण किया गया

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में अक्टूबर-नवंबर 2024 में युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। विभिन्न गतिविधियां विभिन्न चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 18 से 21 अक्टूबर 2024 तक महाविद्यालय में आयोजित की गई।



महाविद्यालय स्तर से प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तर में दिनांक 13 नवंबर 2024 को सहभागिता करने का अवसर मिला। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को दिनांक 21 से 23 नवंबर 2024 को विश्वविद्यालय स्तर के लिए महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में अवसर दिया गया। विश्वविद्यालय छतरपुर में महाविद्यालय के छात्र पेंटिंग में सत्यम बागरी ने पूरे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फरवरी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर पृष्ठ मंच में महाविद्यालय के छात्र सुमित तिवारी एवं सृष्टि सोनी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में पुष्पेंद्र करी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्पॉट पेंटिंग में मेघा राज्य परमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वादन परकुशन डालचंद्र कोरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि वादन नानपरकुशन में पुष्पेंद्र करी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिमिक्री में चित्रांशी सूर्यवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त महाविद्याल स्तर, जिला स्तर एवं विश्वविद्यालय स्तर पर स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को छत्रसाल शासकीय नाथ को उत्तर महाविद्यालय के सभागार में महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार के मुख्य आतिथ्य, प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जेके वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में की विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर युवा उत्सव प्रभारी डॉ डीपी कुशवाहा, डॉ राम मोहन तिवारी, डॉ बीएन जायसवाल, डॉ सतीश त्रिपाठी, डॉ पुष्पराज चौरसिया इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. डी पी कुशवाहा द्वारा किया गया।

# दिगंबराचार्य समय सागर का हो रहा है इंतजार

**पन्ना/देवेन्द्रनगर।** सदी के महान संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक पट्टाचार्य श्री समयसागर जी महाराज का चातुर्मास के उपरांत मंगल विहार खजुराहो से 2 जनवरी की दोपहर में हो चुका है तथा सतना पहुंचने की प्रबल संभावना है इसी तारतम्य में देवेंद्र नगर जैन समाज को आचार्य गुरुदेव के आगमन की तीव्र प्रतीक्षा है,पगविहार के रास्ते में खजुराहो से सतना की दूरी लगभग 120 किलोमीटर है इसी रास्ते पर देवेंद्र नगर भी है अत: गुरुदेव ससंघ का आगमन भी इसी रास्ते से होने की संभावना है। जैन समाज अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप जैन तथा मुनि व्यवस्था समिति अध्यक्ष रवींद्र जैन



(बब्लू) अपनी पूरी ट्रष्ट कमेटी एवं समस्त समाज के साथ गुरुदेव की आगवानी को भव्यता देने हेतु हरसंभव प्रयास कर रहे हैं , आचार्य श्री समय सागर जी महाराज अपने गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की तरह ही अनियत विहारी है अत: आगमन पूर्णतया तय तो नहीं किंतु 5 या 6 जनवरी को आने की संभावना पूरी तरह व्यक्त की जा रही हैं, तथा इसी समयावधि में श्री सिद्ध चक्र महामण्डल विधान भी आयोजित हो रहा है, प्रतिष्ठाचार्य पंडित संकेत जैन 'विवेक' ने बताया कि वर्तमान में आचार्य संघ में लगभग 24 साधुओं का पगविहार चल रहा हैं, देवेंद्र नगर जैन समाज पूरी तरह से आचार्य भगवंत का बेसब्री से इंतज़ार कर रही है।

# टिंकू कुमार बागरी का एमपी पीएससी में रेंजर पद हुआ चयन

### कठिन परिस्थितियों व न्यूनतम संसाधनों से अर्जित की सफलता

**पन्ना।** जिले के पवई विधानसभा के एक छोटे से गांव मड़ैयन पोस्ट करही तहसील पवई से टिंकू कुमार बागरी पिता सुनील उर्फ हक्के बागरी ने एमपीपीएससी वन सेवा 2023 की परीक्षा में



शामिल होकर रेंजर पद पर सफलता प्राप्त की है। जो कि वर्तमान में पटवारी की नौकरी में कार्यरत हैं। गौरतलब है कि टिंकू बागरी की प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा गांव से शासकीय स्कूल में हुई। 9 वीं से 12 वीं की शिक्षा तहसील- पवई से तथा छत्रसाल गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से बीएससी गणित से की। उन्होंने बताया कि मैंने सेल्फ से कंप्टीशन की तैयारी शुरू कर दी। पुलिस भर्ती परीक्षा - 2017 में पुलिस की पहली परीक्षा पास की और लगभग एक महीने पुलिस में रहा साथ ही मध्यप्रदेश पटवारी भर्ती परीक्षा-2017 में भी चयन हो गया तो पुलिस में रिजाइन देकर पटवारी की नौकरी ज्वाइन कर ली , जो की वर्तमान में कार्यरत हूं। लेकिन पटवारी कार्य के साथ-साथ मैंने एमपीपीएससी की तैयारी जारी रखी दिन में पटवारी कार्य और सुबह शाम तैयारी करता था। मेरे लिए पटवारी कार्य,तैयारी, वह भी बिना कोचिंग किये एवं परिवारिक जिम्मेदारी तीनों एक साथ जारी रखना काफी कठिन था। लेकिन परिवार का सहयोग और तहसील शाहनगर अधिकारियों और स्टाफ सहयोग रहा तो मैंने एमपीपीएससी वन सेवा 2023 की परीक्षा में सफलता पायी। मैं मध्यम वर्गीय परिवार से बिलॉन्ग करने और कठिन परिस्थितियों में और न्यूनतम संसाधनों से सफलता अर्जित की है।

# आबकारी विभाग ने होटल-ढाबों से अवैध शराब पकड़ी, 8 प्रकरण दर्ज

**पन्ना।** आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल के निर्देश पर पूरे मध्यप्रदेश में नव वर्ष को दृष्टिगत रखते हुये होटल-ढाबों पर अवैध शराब और मद्यपान के विरुद्ध सख्ती से अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अनुक्रम में पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर पन्ना जिले में भी जिला आबकारी अधिकारी पन्ना संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में होटल-ढाबों में अवैध शराब के विरुद्ध तलाशी अभियान चलाया गया। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि दिनांक 30 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक जिले के विभिन्न जगहों से अवैध शराब के 8 प्रकरण दर्ज किये गये। कृष्ण कुमार पटेल पिता बेटा लाल पटेल उम्र 24 वर्ष, करण ढाबा ग्राम रिछोड़ा थाना सलेहा से 15 पाव देशी सादा मदिरा कीमत 1050 रुपये, 10 पाव बॉम्बे व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमत 1350 रुपये, 2 कैन हंटर बीयर 460 रुपये जप्त किये गये। पन्ना में धाम मोहल्ला से हीरा सिंह यादव पिता जगत सिंह यादव, उम्र 60 वर्ष के कब्जे से 31 पाव देशी सादा मदिरा 2170 रुपये जप्त की गयी। ग्राम इटवा खास में आरोपी रोशन उर्फ दुर्गा शिवहरे पिता दरबारी लाल उम्र 44 वर्ष के कब्जे से 42 पाव देशी मदिरा सादा 2940 रुपये जप्त किये गये। पन्ना बायपास रोड पर स्थित हिल्स व्यू रेस्टोरेंट से 12 बोतल हंटर बीयर 2760 रुपये जप्त की गयी। अर्जुन सिंह पिता देवेंद्र सिंह उम्र 36 वर्ष



राजा ढाबा बड़ागांव थाना देवेंद्र नगर से 36 पाव गोआ व्हिस्की कीमती 4860 रुपये, 20 पाव देशी सादा मदिरा 1400 रुपये, 10 पाव देशी मसाला मदिरा कीमती 700 रुपये जप्त की गयी। जगदीश सिसोदिया पिता मर्कटा सिसोदिया उम्र 29 वर्ष, शरीफ ढाबा देवेंद्रनगर से 21 पाव बॉम्बे व्हिस्की कीमत 2835 रुपये और 16 पाव देशी सादा मदिरा 1120 रुपये जप्त की गयी। पुष्पेन्द्र सिंगरौल पिता भगवान दास सिंगरौल, उम्र 22 वर्ष, कुँवर ढाबा सहिलवारा मोड़, महुआखेड़ा थाना सलेहा के कब्जे से 52 पाव बॉम्बे व्हिस्की कीमती 7020 रुपये जप्त की गयी। शिवा ढाबा अमझरिया थाना कोतवाली पन्ना नितेन्द्र यादव पिता राजेन्द्र यादव 30 वर्ष के कब्जे से 6 बोतल हंटर बीयर कीमती 1380 रुपये, 10 पाव गोआ व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 1350 रूपयर और 12 पाव देशी सादा मदिरा 840 रुपये जप्त की गयी। कुल 8 प्रकरणों में 32,235 रुपये की अवैध शराब जप्त की गयी। सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 एवं 36 के आपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये है। इसके अलावा पन्ना-सतना रोड पर रूपशी ढाबा, महाकाल ढाबा, जंगल सफारी ढाबा, यादव ढाबा मनोर, फौजी ढाबा देवेन्द्र नगर, बुंदेला ढाबा सिंहपुर, डायमंड ढाबा मडला, अकोला ढाबा आदि पर विधिवत तलाशी ली गयी। आगे भी अवैध शराब के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। इस कार्यवाई में आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटुलाल प्रजापति, कौशल्या बाई और सोहेल खान शामिल रहे।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला पन्ना (म.प्र.)**

//विज्ञापन//

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल के अंतर्गत पन्ना जिले में संचालित आशा कार्यक्रम हेतु एच.बी.एन.सी. किट क्रय किये जाने हेतु GEM/2024/बी/5615162 दिनांक 23.12.2024 हेतु जैम पोर्टल (GEM PORTAL) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक निविदा ऑनलाइन जैम पोर्टल (GEM PORTAL)के माध्यम से निविदा शर्ते व निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा शर्ते निविदा फार्म में अंकित की गई है।

(डॉ. एस.के. त्रिपाठी)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-पन्ना (म.प्र.)

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 05 जनवरी 2025 | 8


स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियो के तहत निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने दिनांक 04 जनवरी 2025 को वार्ड क्र. 17 एवं 18 में प्रातः भ्रमण के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों का जायजा लिया।



## स्वस्थ किशोरी ही, आगे चलकर बनती है स्वस्थ माँ : उप मुख्यमंत्री

### स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ जन-जागरूकता भी जरुरी, यूनिसेफ की गतिविधियों में सरकार प्रदान करेगी पूर्ण सहयोग

**रीवा।** उप मुख्यमन्त्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि एमएमआर और आईएमआर की स्थिति में सुधार के लिये किशोरियों के स्वास्थ्य की जाँच और सुधार के प्रयास, गर्भावस्था के पूर्व और गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की नियमित जाँच के साथ प्रसव पश्चात निगरानी अहम है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ किशोरी आगे चलकर स्वस्थ माँ बनती है। इसके लिये विभागीय प्रयासों के साथ सामाजिक संगठनों, आमजनों का सहयोग अपेक्षित है। ताकि गर्भवती महिलायें और किशोरियाँ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। परिवारजन उन्हें सहयोग प्रदान करें। शत-प्रतिशत संस्थानिक प्रसव सुनिश्चित करने के लिये जन-जागरूकता ज़रूरी है। उप मुख्यमन्त्री श्री शुक्ल ने यूनिसेफ भोपाल कार्यालय में भ्रमण कर



मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में यूनिसेफ द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने यूनिसेफ के अधिकारियों कर्मचारियों को संचालित गतिविधियों में सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एकीकृत प्रयासों से हम मिलकर प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त करेंगे। मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों में देश का अग्रणी राज्य बनायेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में एमएमआर और आईएमआर मानकों में सुधार के लिये सतत प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के साथ-साथ देश-विदेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञों से हम सतत संपर्क में हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संसाधनों की कमी नहीं है। स्वास्थ्य अधोसंरचना में सतत विस्तार किया जा रहा है। चिकित्सकीय सहायक चिकित्सकीय मैनपॉवर की उपलब्धता के लिए चिकित्सकीय शैक्षणिक संस्थानों में विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 33 हज़ार से अधिक पदों पर नियुक्ति की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ सामाजिक जागरूकता भी ज़रूरी है। ताकि हाई रिस्क प्रेगनेंसी का समय से चिन्हांकन कर अपेक्षित निदान की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने प्रदेश में आईएमआर और एमएमआर में सुधार के लिये संगठित प्रयासों के सुझाव प्राप्त किये। ऑफिस इंचार्ज यूनिसेफ भोपाल डॉ अनिल गुलाटी ने यूनिसेफ द्वारा मध्यप्रदेश में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। हेल्थ स्पेशलिस्ट यूनिसेफ डॉ. प्रशांत कुमार सहित यूनिसेफ भोपाल के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनकल्याण शिविर में आमजनों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

**रीवा।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 239 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें आमजनता से 29034 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 23395 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि तीन और चार जनवरी को सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत रीवा में आयोजित शिविरों में ग्राम पंचायत



खैरा में 105 तथा मगुरहाई में 135 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न पर्ची तथा राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत तेदुआ कोठार तथा ग्राम पंचायत परासी में आयोजित शिविर का शुभारंभ विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आमजनता शासन की योजनाओं की जानकारी लेकर इनसे लाभ उठाये। जनकल्याण शिविर में प्रत्येक पात्र हितग्राही के आवेदन पत्र भरवाये जा रहे हैं। विधायक ने जनकल्याण शिविर में कन्या पूजन करके बेटियो का सम्मान किया। ग्राम पंचायत डेढ़ में आयोजित जनकल्याण शिविर में आमजनता के आवेदन पत्र के साथ नशामुक्ति की शपथ दिलाई गयी। जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत कटकी और परासी में भी शिविर आयोजित किये गये। ग्राम पंचायत मझियार बैकुण्ठपुर जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों को नशामुक्त की शपथ दिलाई गयी। जनपद पंचायत त्योंथर में ग्राम पंचायत घूमा में 153 तथा देउर में आयोजित शिविर में 105 आवेदन पत्र दर्ज किये गये।

## शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय इंदौर, भोपाल, होशंगाबाद, ग्वालियर, मुरैना, सागर, जबलपुर, शहडोल व रीवा में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिये कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन पत्र 21 जनवरी तक किये जा सकते हैं। आवेदन में संशोधन 27 जनवरी तक किया जाकर प्रवेश पत्र 10 फरवरी तक डाउनलोड किये जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 18 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। प्रवेश के लिये विद्यार्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा पूर्व कक्षा 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य ग्रेड से उत्तीर्ण हो। उल्लेखनीय है कि विद्यालयों में जाति वर्गवार उपलब्ध सीट के लिये 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन वेबसाइट में आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 6वीं में प्रदेश के लिये आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की शुल्क देय नहीं होगा। प्रवेश हेतु प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम तीन विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राथमिकता क्रम दे सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक एवं विद्यार्थी द्वारा अंकित प्राथमिकता क्रम के आधार पर आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय आंवटित किये जायेंगे।

## जनकल्याण अभियान आज 14 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 5 जनवरी को अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में ग्राम पंचायत नया गांव कोठार तथा हर्दी नंबर-2 और अनुभाग हुजूर में ग्राम पंचायत तमरा तथा बांसी में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा अकौनी तथा बराह और अनुभाग मनगवां घुचियारी तथा सर नंबर एक में शिविर लगाये जायेंगे।

## देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक : शुक्ल

### आईसीएसआई की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 संकल्प में शामिल हुए : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वैभवशाली नेतृत्व में आज भारत में अपार संभावनाएं हैं। देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स पूरी निष्ठा के साथ देश के निर्माण में अपना योगदान दें। सभी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि युवा शक्ति और वरिष्ठों के सतत



मार्गदर्शन में भारत 2047 तक विश्वगुरु बनेगा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में आईसीएसआई (इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया) की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 संकल्प में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि देश में तेज गति से विकास हो रहा है। औद्योगीकरण को गति मिली है। विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट-अप, कंपनियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। आज देश में प्रदेश में सकारात्मक वातावरण है। पूरा विश्व भारत को आशा की नज़रों से देख रहा है। कंपनियों का संचालन नियम अनुसार हो और वे सहजता से देश के विकास में सहभागी बनें इसके लिए कंपनी सेक्रेटरीज की भूमिका अहम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कॉन्फ्रेंस की सफलता की शुभकामना दी। महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, संचालक ऐग्पा श्री राजेश गुप्ता, आईसीएसई के वाईस प्रेसिडेंट श्री धनंजय शुक्ला सहित आईसीएसआई के पदाधिकारी और कंपनी सेक्रेटरीज़ उपस्थित रहे।

## कोदौ अमृत से कम नहीं

**रीवा।** चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. बीएल मिश्रा ने कहा है कि कोदौ की खेती सदियों से भारत व कई अन्य देशों में होती रही है। इस फसल की खासियत है कि यह कम पानी की उपलब्धता या सूखा (अकाल) के दौरान भी बिना रासायनिक खाद के उपयोग के पैदावार होती है। कोदौं का उपयोग चावल के विकल्प के रूप में होता है। इसकी प्रकृति ठंडक होती है। यह मिलेट्स या विभिन्न मोटा आनाजो में से एक है। पुराने समय से कोदौ को गरीबों का अनाज



माना जाता था। वर्तमान में इसके विभिन्न गुणो के कारण ही इस अनाज की कीमत बढ़ी है तथा लोग शौक से चावल के विकल्प व औषधि रूप में खाते हैं। बड़ी संख्या में कृषक कोदौ की खेती में काफी रूचि ले रहे हैं। मोटे अनाज कोदौ में स्वास्थ्य की दृष्टि से विभिन्न अवयव कार्बोहाइड्रेट (66 प्रतिशत), प्रोटीन (8.5), चर्बी (1.5 प्रतिशत), एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, कैल्शियम, विभिन्न विटामिन और जिंक के साथ कई विरले तत्व (मैग्नीशियम, फास्फोरस, सोडियम, पोटेशियम) उपस्थित रहते हैं। यह मिलेट्स कोदौ भोजन के प्रमुख अवयव के अतिरिक्त विभिन्न बीमारियों की रोकथाम में लाभदायक है। यह बीमारियों डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मोटापा, कोलेस्ट्रोल का बढ़ना, विभिन्न बीमारियों से रोकथाम (किडनी, लीवर,ह्रदय रोग, विभिन्न कैंसर, गठिया वात, पित्तट्ट किडनी में पथरी बनना, चमड़ी व बाल में सौंदर्य, अस्थियों की मजबूती में भी सहायक है। प्रति व्यक्ति अधिकतम 100 ग्राम तक चावल के विकल्प के रूप में पकाकर,खीर,उपमा, पुलाव ,हलवा व पापड़ के रूप में अन्य अनाज-चना, गेहूं,मूंग, व दूध तथा अपनी पसंद के मसालों के साथ इसे उपयोग में लिया जा सकता है।

अनाज को मिल में दराई करने के पश्चात कूटकर उपचारित करें व साफ पानी में धोकर उपयोग करें। कोदौ पूर्णतः सुरक्षित है व खाने पर मृत्यु की संभावना शून्य है. किंतु कभी-कभी स्वच्छता के अभाव में उल्टी,दस्त, मतली हो सकती है।

## राजस्व महाअभियान में नामांतरण के 20198 प्रकरण हुये निराकृत

**रीवा।** जिले के सभी तहसीलों में राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में बी-1 का वाचन करके 31 दिसंबर तक फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज किये हैं। सभी राजस्व न्यायालायों में प्रकरणों की सुनवाई करके नम्बर तथा दिसंबर में माह में दर्ज राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अभियान के दौरान जमीन के नामांतरण से संबंधित 20198 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि महाअभियान के दौरान तहसील गुढ़ में 95, रायपुर कर्चुलियान में 2, वृत दुआरी में 35, तहसील जवा में 104 तथा अतरैला में नामांतरण के 97 प्रकरण निराकृत किये गये हैं। वृत डभौरा में 41, तहसील त्योंथर में 97, वृत गढ़ी में 53, वृत चाकघाट में 93 तथा वृत रायपुर सोनौरी में नामांतरण के 106 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। इसी तरह तहसील मनगवां की वृत गढ़ में 113, डेल्ही में 50, लालगांव में 3, सूरा में 55, मनिकवार में 23, रायपुर कर्चुलियान में 29, पहड़िया में 30 तथा सिरमौर में 54 प्रकरण निराकृत किये गये हैं। बैकुण्ठपुर में 74, लालगांव में 80, सेमरिया में 42, शाहपुर में 79, गोविंदगढ़ में 66, बनकुंइया में 118, नजूल तहसीलदार हुजूर में 45 तथा तहसीलदार हुजूर द्वारा 548 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसके साथ-साथ अन्य वृतों में भी नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 2597151 क्विंटल हुई धान की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में अब तक 42335 किसानों से अब तक 2597151 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 585 करोड़ 64 लाख 31275 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं।

## तेज गति से आगे बढ़ रहे देश में सभी वर्गों की सहभागिता : शुक्ल

### बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की तीसरी वेस्टर्न रीजनल मीटिंग में हुए शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास का लाभ जनमानस को प्राप्त हो उनकी जीवनशैली में सुधार हो, क्षेत्र का विकास हो इसके लिये आवश्यक है कि कार्य गुणवत्ता से और समय-सीमा में पूर्ण किये जायें। इसके लिये अधोसंरचना क्षेत्र में कार्य कर रहे बिल्डर्स की भूमिका अहम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में आज हर क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से चल रहे हैं। तेज गति से आगे बढ़ रहे देश में सभी वर्गों की सहभागिता है। सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री



शुक्ल होटल मेरियट भोपाल में बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की तीसरी वेस्टर्न रीजनल मीटिंग का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमन्त्री श्री शुक्ल ने कहा कि आज हम विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। विश्वस्तरीय अधोसंरचना का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़कें टू-लेन से फोर-लेन, फोर-लेन से आठ-लेन की हो रही हैं। एयरपोर्ट विकसित हो रहे हैं। सिंचाई के साधनों का विकास हुआ है, नहरों का वृहद नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। केन-बेतवा रिवर लिंक परियोजना से जल संसाधन के सदुपयोग से समृद्धि की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा आज न इच्छाशक्ति की कमी है, न संसाधनों की। वर्ष-2047 तक हम शीर्ष पर हों इसके लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कांफ्रेंस की सफलता की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस में शासन से सहयोग के विषयों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी और आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की स्मारिका का विमोचन किया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833